हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 169, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 दिसम्बर, 2022 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## भारत जितना गरीबों को देता है आवास उतने में बस जाता है ऑस्ट्रेलिया : योगी

### ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जितना भारत अपने यहां लोगों को आवास देता है उतने में एक ऑस्ट्रेलिया बस जाता है। भारत लोकतंत्र की जननी भी है। कहा कि जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 वर्षों तक शासन किया उस ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है।



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सात दिवसीय संस्थापन सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि दुनिया की 85 फीसदी जीडीपी पर जी-20 देशों का अधिकार है। 90 फीसदी पेटेंट पर भी इनका अधिकार है जिसका नेतृत्व मोदी जी के पास है। इसका थीम है वसुधैव कुटुंबकम। यानी की एक परिवार की जो भावना है उस भाव को पूरी दुनिया को मानना है। भारत ऐसा आदि काल से करता चला आया है। उसने सबको शरण दिया था। उन्होंने जामनगर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने पारसी समुदाय के लोगों के बेड़े को रुकने का अवसर दिया था। योगी ने कहा पारसी समुदाय ने भारत के विकास में अहम योगदान दिया है। टाटा समूह उसका बड़ा उदाहरण है। जी 20 के तहत यूपी के चार शहरों में 20 से अधिक मीटिंग होगी। इसमें किस रूप में सहभागिता होगी उसकी तैयारी स्थानीय और शासन स्तर पर होगी। आज ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया का पांचवीं अर्थ व्यवस्था बना है। यहां लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जीने के बीच उपलब्धि हासिल की जा रही है। सीएम योगी ने कोरोना के प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जितना भारत अपने यहां गरीबों को आवास देता है उतने में ऑस्ट्रेलिया बस जाता है। भारत ने कोरोना में 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध कराया है। यह पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। कोरोना काल में हुए ओलंपिक में भारत ने अभी तक का सबसे अधिक मेडल जीता है। आज स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है, जिसमें हमें अपने को खड़ा करना होगा, जोड़ना होगा।

### संस्थापक सप्ताह समारोह में लोकसभा अध्यक्ष बोले देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम

गोरखपुर। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि देश को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अहम है। यह तभी संभव है जब लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए उन्हें संस्कारवान और मौजूदा दौर के हिसाब से शिक्षा व्यवस्था दी जाए। लोक सभा अध्यक्ष शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सात दिवसीय संस्थापन सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ की परंपरा को कठिन परिश्रम के साथ योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मुगल शासकों के आक्रमण से बचाने का काम ऐसे पीठ और मंदिरों ने किया है। उन्होंने मदन मोहन मालवीय के विचारों का भी जिक्र किया। महंत दिग्विजय नाथ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महंत जी ने सोचा था कि आजादी के साथ ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाई जाए जिससे समाज को आगे ले जाया जाए। यही वजह है कि 1932 में उन्होंने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का गठन किया।

### जी-20 की अध्यक्षता मिलने से विश्व फलक पर स्थापित होगा भारतीय संस्कृति का महत्व : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक सभी प्रधानमंत्रियों ने भारत के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता देश के लिए गौरव की बात है। आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू ने पंचशील सिद्धांत और गुटनिरपेक्ष आंदोलन जैसे वैश्विक कल्याण के विचार दिए। गुटनिरपेक्ष सम्मेलन भी भारत में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि जी-20 के सदस्य देशों का विश्व की अर्थव्यवस्था और आबादी में बड़ा हिस्सा है। देश की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर दिखाने के लिए यह एक बड़ा मंच है। सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि यह समिट विश्व पर भारतीय संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने और आने वाला दशक भारत का दशक हो इस परिकल्पना को साकार करने वाला साबित होगा। गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में जी-20 समिट से जुड़े आयोजनों से संबंधित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने उदयपुर में आयोजित जी-20 शेरपा बैठक का उदाहरण देते हुए सभी जी-20 आयोजनों के डॉक्यूमेंटेशन के दिशा-निर्देश दिए ताकि आगे के आयोजनों में इसका उपयोग हो सके।

## मेरे 4 बच्चों के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : सांसद रवि किशन

### लोकसभा में पेश किया जनसंख्या नियंत्रण बिल, बोले- काश! पहले कानून होता

नई दिल्ली। देश में बढ़ती जनसंख्या को लेकर बहस चल रही है। इस बीच गोरखपुर से भाजपा सांसद और एक्टर रवि किशन ने बढ़ती जनसंख्या का जिम्मेदार कांग्रेस को ठहराया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाती तो मेरे चार बच्चे नहीं होते। मैं चार बच्चों के बारे में सोचता हूं तो सॉरी फील करता हूं। रवि किशन ने आगे कहा कि यह कांग्रेस की गलती है। सरकार उनके पास थी। उनके पास कानून था। हम अवेयर नहीं थे। हम बच्चे थे। हम तो खेलते कूदते जीवन में अंगड़ाई ले रहे थे। खास बात यह है कि भाजपा सांसद रवि किशन ने ही शुक्रवार को लोकसभा में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए बिल पेश किया। सांसद रवि किशन की पत्नी का नाम प्रीति है। उनके 4 बच्चे हैं। बड़ी बेटी का नाम रीवा है। इनके अलावा उनकी दो बेटियां तनिष्क व इशिता और एक बेटा सक्षम भी है। सांसद रवि किशन की पत्नी का नाम प्रीति है। उनके 4 बच्चे हैं। बड़ी बेटी का नाम रीवा है। इनके अलावा उनकी दो बेटियां तनिष्क व इशिता और एक बेटा सक्षम भी है।



**रवि किशन बोले- चार बच्चे देखकर दुख होता है**- रवि किशन से एक निजी चैनल ने उनके चार बच्चों को लेकर सवाल पूछा था। इस पर उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के शुरूआती 15 साल में लोग मुझे पैसा नहीं देते थे। मैं उस समय जानता था कि पैसा बाद में आएगा। मैं इंडस्ट्री में संघर्ष कर रहा था। शूटिंग कर रहा था। उसी दौरान तीसरा बेबी, चौथा बेबी हो गया। आज जब मैच्योरिटी आई है और उन्हें देखता हूं तो दुख होता है। मनोज तिवारी की पहली पत्नी से एक बेटी हुई, जिसका नाम रीति तिवारी है। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने दूसरी शादी सुरभि से की। इन दोनों की एक बेटी सान्विका हुई। अब मनोज का तीसरा बच्चा होने वाला है।

मनोज तिवारी की पहली पत्नी से एक बेटी हुई, जिसका नाम रीति तिवारी है। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने दूसरी शादी सुरभि से की। इन दोनों की एक बेटी सान्विका हुई। अब मनोज का तीसरा बच्चा होने वाला है। रवि किशन के इसी इंटरव्यू में उनके साथ भाजपा सांसद मनोज तिवारी थे। वह तीसरे बच्चे के पिता बनने जा रहे हैं। इसको लेकर कुछ दिन पहले उन्हें ट्रोल भी किया गया था। उनसे भी इंटरव्यू में तीसरे बच्चे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर पीछे कोई गलती हो गई तो इसका मतलब यह नहीं कि हम आगे भी गलती करते रहें। मनोज तिवारी यह बात कह ही रहे थे, कि रवि किशन ने उन्हें टोक दिया। रवि किशन ने कहा कि ज्यादा बच्चे पैदा करना गलती नहीं थी और हम उसे गलती नहीं मानेंगे। अगर कांग्रेस ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया होता तो हम बच्चा पैदा नहीं करते।

## भूपेंद्र पटेल को चुना गया भाजपा विधायक दल का नेता राज्यपाल के सामने पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी गुजरात में लगातार सातवीं बार सरकार बनाने जा रही है। पार्टी नेता भूपेंद्र पटेल 20 अन्य विधायकों के साथ 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भूपेंद्र पटेल ने नई सरकार के गठन से पहले राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपना इस्तीफा सौंप दिया। शनिवार को हुई बीजेपी विधायकों की बैठक में पटेल को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। अब वे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय रूपाणी ने कहा कि आज भाजपा विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें भूपेंद्र पटेल को सर्वसम्मति से नेता चुना गया है। भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में आने वाले 5 साल में गुजरात का और विकास होगा और यहां की जनता की अपेक्षा पूरी होगी। वहीं, समान नागरिक संहिता को नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा या नहीं, इस सवाल पर विधायक दल के नेता भूपेंद्र पटेल ने कहा कि कमेटी का गठन किया गया है। उनकी सिफारिश के आधार पर काम किया जाएगा। भूपेंद्र पटेल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल, हर्ष सांघवी, ऋषिकेश पटेल, गुजरात के मुख्य सचेतक पंकज देसाई के साथ शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब इस्तीफा देने राजभवन पहुंचे, जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया। भाजपा ने शनिवार को सुबह 10:30 बजे गांधीनगर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय 'कमलम' में अपने विधायक दल की बैठक की। इस दौरान भूपेंद्र पटेल को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया। विधायक दल के नेता भूपेंद्र पटेल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजभवन के लिए रवाना हो गए।



## बच्चों के खिलाफ अपराधों पर स्मृति ईरानी ने जताई चिंता कहा- तेजी से समाधान के लिए जजों से मांगे सुझाव




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट पहले ही बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों पर चिंता जाहिर कर चुका है। वहीं अब महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) मामले को निपटाने में औसत समय 509 दिनों का लगता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले अपराधों में लेकर समाधान के लिए न्यायाधीशों से सुझाव मांगे गए हैं ताकि मामलों को तेजी से निपटाने के लिए से एक ढांचा तैयार हो।

शनिवार को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, स्मृति ईरानी ने कहा कि हर सजा के लिए, तीन निर्दोष हैं और सभी पॉक्सो मामलों में से 56 प्रतिशत यौन उत्पीड़न के अपराधों से संबंधित हैं। पॉक्सो अधिनियम 2012 का उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न और अश्लील साहित्य के अपराधों से बचाना है और ऐसे अपराधों के परीक्षण के लिए विशेष अदालतों की स्थापना का प्रावधान है।

## '2002 में सबक सिखाया': अमित शाह ने गुजरात चुनाव के दौरान दिया था बयान, ईसी ने नहीं माना आचार संहिता का उल्लंघन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव के दौरान दिए गए अपने '2002 में हिंसा फैलाने वाले दंगाइयों सबक सिखाया' बयान के लिए राहत मिल सकती है। दरअसल, चुनाव आयोग ने उनके इस बयान को आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना है। एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि चुनाव आयोग ने इस बयान को लेकर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से लेकर कानूनी राय भी लीं। इसके बाद आयोग ने पाया कि शाह का दंगाइयों के खिलाफ बयान आचार संहिता का उल्लंघन नहीं था। शाह ने खेड़ा जिले के महुधा में एक रैली के दौरान कहा था कि कांग्रेस के राज के दौरान (1995 से पहले) राज्य में सांप्रदायिक दंगे ज्यादा होते थे। कांग्रेस अलग-अलग समुदाय और जातियों के लोगों को भड़काने का काम करती थी, ताकि वे एक-दूसरे के खिलाफ लड़ें। इन दंगों के जरिए ही कांग्रेस अपने वोट बैंक को मजबूत रखती थी और समाज के साथ अन्याय करती थी। शाह ने कहा था कि गुजरात को 2002 में दंगों का सामना करना पड़ा था। लेकिन अशांति फैलाने वालों को 2002 में सबक सिखाया गया। जिसके बाद राज्य में शांति कायम हुई है। भाजपा ने गुजरात में स्थायी शांति स्थापित की है। शाह के इसी बयान के खिलाफ एक नौकरशाह ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिस पर चुनाव आयोग विचार कर रहा था।



## सीमा विवाद पर महाराष्ट्र के साथ कोई समझौता नहीं करेगा कर्नाटक : बोम्मई

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेलगाम (बेलगावी) जिले को लेकर महाराष्ट्र और राज्य के बीच एक बार फिर से पैदा हुए सीमा विवाद को लेकर कहा है कि उनकी सरकार सीमा मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा केंद्रीय गृहमंत्री से मिलने वाले महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पहले भी यह कोशिश की है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमारी सरकार सीमा मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। बोम्मई ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के संसद सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल को सीमा मुद्दे के संबंध में सोमवार को शाह से मिलने के लिए कहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि वह जल्द ही खुद भी केंद्रीय गृहमंत्री से मिलेंगे और उन्हें राज्य के जायज रुख के बारे में जानकारी देंगे। महाराष्ट्र के लोगों में सीमा से जुड़े मुद्दे पर भावनाएं भड़कने के बाद राज्य के विपक्षी दलों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एनसीपी की सांसद सुप्रिया सुले की अगुवाई में इस मुद्दे पर बातचीत करने के लिए संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की थी। शिवसेना का कहना था कि इस मुद्दे पर कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई के बयानों से महाराष्ट्र की जनता में नाराजगी और बढ़ सकती है। अमित शाह के साथ बैठक के बाद महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राकांपा नेता अमोल कोल्हे ने कहा था कि सीमा विवाद सुलझाने के क्रम में गहमंत्री अमित शाह 14 दिसंबर को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे।



## संजय सिंह ने किया पलटवार, 'भाजपा ने पार्षदों को प्रलोभन देने, धमकाने का काम किया शुरू'

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा वाले गंदी राजनीति पर उतर आए हैं। भाजपा वाले अब पार्षदों को खरीदने में लगे हैं। खरीद फरोख्त का फामूर्ला उन्होंने दिल्ली के अंदर शुरू कर दिया है। भाजपा द्वारा एमसीडी के पार्षदों को प्रलोभन देने, धमकाने का काम दिल्ली के अंदर शुरू कर दिया गया है। आप सांसद ने कहा कि मैं तो पहले दिन से कह रहा हूं कि भाजपा इतनी बेशर्म पार्टी है कि 30 सीट कम होने के बावजुद कह रहे है कि मेयर उनका होगा। लेकिन आप के चुने हुए पार्षद है। पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। उनके तमाम कारनामों को हमारे पार्षद समय-समय पर उजागर करते रहेंगे। मैं दिल्ली पुलिस आयुक्त से कहूंगा कि उन तमाम लोगों को जेल में डाला जाए जो कि लोकतंत्र की हत्या करने व जनादेश का अपमान करने का काम कर रहे है। धमकी व प्रलोभन दे रहे हैं उनके ऊपर कार्रवाई की जाएं।



### प्राथमिक विद्यालय का मिड डे मील खाने से बिगड़ी 45 बच्चों की तबीयत, मची अफरा-तफरी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सरकारी विद्यालय में मिड डे मील का खाना खाने से तकरीबन 45 बच्चों की हालत बिगड़ गई। बच्चों की हालत बिगड़ने की सूचना पर स्कूल में परिजन पहुंच गए। बच्चों के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिरोजाबाद जिले में सिरसागंज के प्राथमिक विद्यालय किसरांव का मामला है। यहां के प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ गई। करीब 45 बच्चे अस्पताल पहुंचे हैं। बच्चों की हालत देख अभिभावकों मे अफरातफरी का माहौल है। वहीं उपचार के लिए अतरिक्त डॉक्टरों की टीम को सिरसागंज बुलाया गया है।

## पेड़ पर लटके मिले युवक-युवती के शव, एक ही शाल से लगा था फंदा



मैनपुरी। यूपी के मैनपुरी जिले में शनिवार सुबह युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। घिरोर थाना क्षेत्र के नगला कंचन निवासी एक युवक और युवती के शव गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर फंदे से लटके मिले हैं। दोनों के गले में एक ही शाल से फंदा लगा हुआ था। मृतक युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग की बात कही जा रही है। मामले पर स्वजन चुप्पी साधे हुए हैं। गांव नगला कंचन में सुबह ग्रामीणों को गांव निवासी 18 वर्षीय मालती और 32 वर्षीय अनिल कुमार के शव लटके नजर आए। अनिल कुमार शादीशुदा थे। घिरोर पुलिस ने शवों को नीचे उतरा। घटनास्थल की जांच और ग्रामीणों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहे थे। स्वजन को भी इसकी जानकारी हो गई थी। बीती शुक्रवार की रात दोनों चुपचाप से घर से निकल गए और गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर दोनों ने एक ही शाल से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। हालांकि दोनों के स्वजन मामले पर कुछ नहीं बोल रहे। मामले में एएसपी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों ही शवों के पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। मामले में जांच की जा रही है, जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### उत्साह का निवेश

निर्माण यानी आवासीय परियोजनाओं में भी सुस्ती होने की वजह से अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कोरोना से पहले ही बेनामी संपत्तियों के खिलाफ कड़ाई, भवन निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने आदि के चलते आवासीय परियोजनाओं में सुस्ती आ गई थी। बहुत सारी परियोजनाएं लटक गई थीं। कोरोना की बंदी से उस पर दोहरी मार पड़ी। तब सरकार ने घोषणा की थी कि लटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वह दस हजार करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी और उसमें पैसे डाले जाएंगे। इसके पहले चरण में पांच हजार करोड़ रुपए डाले गए थे, जिससे अटकी हुई परियोजनाओं को कुछ गति मिल सकी थी। अब इस कोष में बाकी के पांच हजार करोड़ रुपए डाल दिए गए हैं। इससे स्वाभाविक ही आवासीय परियोजनाओं से जुड़े उद्योग में उत्साह बना है। निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन की बड़ी संभावना होती है। इसलिए जब इस क्षेत्र में मंदी आती है, तो बहुत सारे निर्माण मजदूरों और दूसरे कामों से जुड़े लोगों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो जाता है। इसका असर स्वाभाविक रूप से अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अब अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को गति मिलने से एक तरफ जहां बहुत सारे लोगों के लिए रोजगार के अवसर फिर से खुलेंगे, वहीं उन निवेशकों को भी राहत मिलेगी, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर वर्षों से आशियाने का सपना संजो रखा है। महंगाई रोकने के मकसद से जिस तरह थोड़े-थोड़े अंतराल पर बढ़ोतरी कर रेपो रेट में करीब ढाई फीसद का इजाफा किया जा चुका है, उससे उन लोगों पर सबसे अधिक बोझ पड़ रहा है, जिन्होंने बैंकों से आवास के लिए कर्ज ले रखा है। एक तो उन्हें समय पर घर न मिल पाने की वजह से किराए के घर में रहना पड़ रहा है, दूसरे बैंक की किस्त अधिक चुकानी पड़ रही है। इसके अलावा आवासीय परियोजनाएं जैसे-जैसे लटकती जाती हैं, उनके निर्माण का खर्च भी बढ़ता जाता है। इस तरह खरीदार को शुरूआती तय कीमत से अधिक कीमत चुकानी पड़ जाती है। अच्छी बात है कि सरकार ने रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए पूंजी उपलब्ध कराई है। अभी यह वित्तीय मदद एक सौ सत्ताईस अटकी हुई परियोजनाओं को मुहैया कराई जा रही है। स्वाभाविक ही इन परियोजनाओं का संचालन कर रही कंपनियों को काफी राहत मिल सकेगी, क्योंकि पूंजी के अभाव में वे अपने काम को आगे नहीं बढ़ा पा रही थीं। इसके बाद दो सौ छियासी अन्य परियोजनाओं का भी आकलन किया जा रहा है, जिन्हें वित्तीय मदद की जरूरत है। इसके लिए निजी और सार्वजनिक, सभी तरह के बैंकों को आगे बढ़ने को कहा गया है। हालांकि यह कोई पहला क्षेत्र नहीं है, जिसमें वित्तीय मदद के लिए सरकार ने बैंकों को प्रोत्साहन दिया है। कोरोना के बाद बड़े उद्योगों और एमएसएमई को भी इसी तरह का राहत प्रस्ताव दिया गया था, मगर उन्हें कारोबार में तेजी नजर नहीं आई, इसलिए वे उस प्रस्ताव का लाभ उठाने को आगे नहीं आए। आवासीय परियोजनाओं के मामले में भी ऐसा न हो, इसके लिए ध्यान रखना होगा।

# कुपोषण की चुनौती और मोटा अनाज

ऐसे में निश्चित रूप से मोटे अनाज का उत्पादन और वितरण बढ़ा कर देश में भूख और कुपोषण की चुनौती का सामना और यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोएगा। इस समय जब देश में भूख और कुपोषण की चुनौतियां उभर रही हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) 2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार से मोटे अनाज के अधिक उत्पादन और वितरण से इस चुनौती से पार पाने की संभावनाएं भी दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रकाशित द स्टेट आफ फूड सिक्योरिटी ऐंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट-2022 के अनुसार 2021 में भारत की 22.4 करोड़ आबादी कुपोषण और भूख का सामना कर रही थी, तो दुनिया में कुपोषण की चुनौती का सामना करने वाले लोगों की कुल संख्या 76.8 करोड़ थी। विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक, इस कुपोषित आबादी की थालियों में मोटे अनाज बढ़ा कर कुपोषण कम करने की डगर पर आगे बढ़ा जा सकता है। गौरतलब है कि मोटे अनाजों को पोषण का शक्ति केंद्र कहा जाता है। पोषक अनाजों की श्रेणी में ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, चीना, कोदो, सावां, कुटकी, कुट्टू और चौलाई प्रमुख हैं। मोटे अनाज किसान हितैषी फसलें हैं। इनके उत्पादन में पानी की कम खपत और कम कार्बन उत्सर्जन होता है। ये सूखे वाली स्थिति में भी उगाई जा सकती हैं। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्त्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। इनकी खेती सस्ती और कम जोखिम वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रह योग्य बने रहते हैं। देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोग होने लगा।

मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। हालांकि तकनीक और अन्य सुविधाओं के दम पर पांच दशक पहले की तुलना में प्रति हेक्टेयर मोटे अनाजों की उत्पादकता बढ़ गई है, लेकिन इनका रकबा तेजी से घटा और इनकी पैदावार कम हो गई है। इनका उपभोग लगातार कम होता गया है। स्थिति यह है कि कभी हमारे खाद्यान्न उत्पादन में करीब चालीस प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले मोटे अनाज की हिस्सेदारी इस समय दस प्रतिशत से भी कम हो गई है। ऐसे में देश में करोड़ों लोगों के लिए पोषण युक्त आहार की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देश की लगभग दो तिहाई आबादी सबसिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। सभी पात्र परिवारों को तीन रुपए किलो चावल, दो रुपए किलो गेहूं और एक रुपए किलो की दर से मोटे अनाज का वितरण आवश्यक है। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए भी अनाज का एक बड़ा भाग उपभोग में आ रहा है। चूंकि गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाज में पोषक तत्त्व अधिक हैं और ये किसान हितैषी फसलें हैं, इसलिए इनका अधिक उत्पादन और वितरण किया जाना कुपोषण को दूर करने में काफी मददगार साबित होगा।



भारत के अधिकांश राज्य एक या अधिक मिलेट (मोटा अनाज) उगाते हैं। खासकर अप्रैल 2018 से सरकार देश में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। मोटे अनाज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में राहतकारी वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मोटे अनाज घटक चौदह राज्यों के दो सौ बारह जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा। इन्हें उगाने के लिए किसानों को अनेक सहायता दी जाती है। देश में मिलेट मूल्यवर्धित श्रृंखला में पांच सौ से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। मोटे अनाज के वैश्विक उत्पादन में भारत का हिस्सा करीब चालीस फीसद है। इनके उत्पादन और निर्यात में पूरी दुनिया में भारत पहले स्थान पर है। देश में मोटा अनाज उत्पादन के शीर्ष राज्य राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्यप्रदेश में इनके उत्पादन के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत सरकार की यह रणनीति होनी चाहिए कि जिस तरह पिछले चार-पांच दशक में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं, वैसे ही कदम मोटे अनाजों के संदर्भ में भी उठाए जाएं। जब किसानों को भरोसा होगा कि उन्हें मोटे अनाजों की उपज का सही दाम मिल सकता है, तो निस्संदेह वे मोटे अनाज की खेती के लिए भी प्रोत्साहित होंगे हैं।

अब सरकारी खरीद में मोटे अनाज की हिस्सेदारी और न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाना होगा। देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों द्वारा मोटे अनाजों पर लगातार शोध बढ़ाना और अधिक उपज के लिए बायो फर्टिलाइज तकनीक का अधिक उपयोग करना होगा। मोटे अनाजों को लोकप्रिय बनाने के लिए इनसे नूडल्स, कुरकुरे आदि बनाने की दिशा में भी अधिक काम करना होगा, जिससे मोटे अनाजों के बाजार का विस्तार होगा। किसान इनकी खेती के लिए अधिक प्रोत्साहित होंगे।

खासकर देश और दुनिया में कुपोषण की चुनौती को दूर करने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और खाद्यान्न की कीमतों के नियंत्रण में मोटे अनाज की महत्त्वपूर्ण भूमिका बनानी होगी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आम आदमी तक गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाज की अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों की सरकारी खरीद बढ़ानी और इनके निर्यात को बढ़ाने की नई रणनीति बनानी होगी। निस्संदेह बढ़ते वैश्विक कुपोषण और भूख संकट के दौर में भारत में भूख और कुपोषण की चुनौती को कम करने में मोटे अनाजों की अधिक आपूर्ति के साथ कई और बातों को भी ध्यान में रखा जाना होगा। देश में गरीबों के सशक्तिकरण की कल्याणकारी योजनाओं के अधिक विस्तार, कृषि क्षेत्र में सुधार तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के नए कदम जरूरी होंगे।

अब केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अधिक नकद धन हस्तांतरित किया जाना लाभप्रद होगा। सरकारी योजनाओं के और अधिक लाभ डीबीटी से लाभार्थियों तक पहुंचने से गरीबों का सशक्तिकरण होगा और कुपोषण की चुनौती कम होगी। सरकार द्वारा सामुदायिक रसोई की व्यवस्था को मजबूत बना कर उन जरूरतमंदों के लिए भोजन की कारगर व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, जिन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही देश में बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर और सफल बनाना होगा। उम्मीद है कि भारत जी-20 की अध्यक्षता करते हुए अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के उद्देश्यों और लक्ष्यों के मद्देनजर देश और दुनिया में मोटे अनाजों के लिए जागरूकता पैदा करने में सफल होगा और इससे मोटे अनाज का वैश्विक उत्पादन और वैश्विक उपभोग बढ़ेगा। इससे एक बार फिर मोटे अनाज को देश और दुनिया के अधिकांश लोगों की थाली में अधिक जगह मिलने लगेगी तथा देश और दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख और कुपोषण की चुनौतियों से बाहर लाने में सफलता मिल सकेगी।

# संकीर्ण दायरों के पार

इतिहास हो गए आदिकाल से अगर हम आज के दौर की तुलना करें तो हम और हमारा समाज अब अधिक सुविधाजनक स्थिति में आ गए हैं। कहा गया है कि आवश्यकता आविष्कारों की जननी होती है। मनुष्य ने अपने जीवन को सुगम और बेहतर बनाने की आकांक्षा से लगातार संघर्ष और मेहनत की है। अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए आविष्कार किए और साधन जुटाए हैं। अब तो हर सुख के लिए विकल्पों की उपलब्धता है। दिनचर्या में ही हम लगातार एक चीज का चुनाव और दूसरी चीज को अपनी सूची में से हटा रहे होते हैं। कोई सामान्य-सी चीज हो या बहुत महत्त्वपूर्ण वस्तु, जब चाहें विकल्प का लाभ लेकर उसकी जगह उस से बेहतर चुनकर जीवन मे खुशियां, सुख, संतुष्टि ला सकते हैं। यह भी बड़ी दिलचस्प बात लगेगी कि नहाने का साबुन हो, हमारी पोशाक, हमारा भोजन या घर, हमारी गाड़ी, नागरिकता, नौकरी, यहां तक कि इन दिनों हमारे शुभचिंतकों और आत्मीयों की सूची में भी हम अपनी रुचि और पसंद से चुनाव और बदलाव कर सकते हैं। कुछ चीजें चाहे अभी आभासी दुनिया में ही संभव हों, लेकिन अब वह वक्त भी दूर नहीं कि एक बटन दबा कर हम वास्तविक जीवन में भी गैरजरूरी चीजों को दरकिनार कर सकेंगे। खुद को सुदृढ़ और खुश रखने के लिए हमारे पास बेहतरीन विकल्पों से भरी दुनिया जो उपलब्ध है। लेकिन क्या विकल्पों के महासागर से सच्चे मोती खोज लाने का सामर्थ्य और समझ हममें मौजूद है? संभावना और अवसरों का सैलाब होते हुए भी कभी-कभी हमारी खुशियों और संतुष्टि का ग्राफ बहुत ऊपर नहीं जा पाता। आसपास नजर घुमाते हैं तो हमें सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद लिए हुए अपने वर्तमान से हताश, बेचैन अनेक लोग दिलों में हसरतों का पुलिंदा लिए मिल जाएंगे। यहां बात ह्यथोड़ा है थोड़े की जरूरत हैह्न वाली निर्मलता से भरी मासूम दुनिया की नहीं है। यहां बहुत कुछ होते हुए भी और भी बहुत कुछ पा लेने की बेचैनी की बात है। यह सच है कि बेहतर भविष्य के सपने देखने से जहां सकारात्मक संसार की रचना होती है, वहीं ऐसे सपने देखते हुए अपने वर्तमान को पूरी तरह नकार देना, निंदा करना केवल कुंठित समाज की ही रचना कर सकता है। इस तरह के रवैए को किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं कर सकते। समाज को कुंठित करती यह बीमारी हर उम्र, हर पृष्ठभूमि में तीव्रता से फैलती हुई नजर आती है। एक बात और गौर करने वाली है कि जिसके पास जितने अधिक अवसर होते हैं, सामर्थ्य होता है, उसमें उतना अधिक कुंठित होने की संभावना बढ़ जाती है। यह रोग संक्रामक भी है। अपने क्षेत्र में शीर्ष पर बैठे व्यक्ति भी अपने कार्यक्षेत्र के बारे में उदासीन रवैया अपना सकते हैं, जिस काम के द्वारा उन्हें सम्मान और जीवन को दिशा, उद्देश्य मिला है, उसके बारे में ही नकारात्मक टिप्पणी देकर नए लोगों को भी हतोत्साहित करने का काम करने लगते हैं। कई बार युवा सीखने-समझने के प्रारंभिक दौर में कम समय में अधिक की लालसा के चलते अपने काम की ही निंदा करने लगते हैं। विद्यार्थी और उनके अभिभावक परीक्षा में थोड़े से कम अंक आने पर अपना सब कुछ खो जाने जैसा महसूस करने लगते हैं। एक कहानी बचपन में सुनी थी। संपन्न और समृद्ध होने की आकांक्षा में एक व्यक्ति ने तप किया तो ईश्वर से उसे वरदान मिला कि वह जिस चीज को हाथ से छूकर कामना करेगा, वैसा ही घटित होगा। सोने की चाहत रखने वाले उस व्यक्ति ने लालच में खुद को छू लिया। परिणामस्वरूप हमेशा के लिए वह सोने का पुतला बन जाता है।

## बाल श्रम, समाज की एक गंभीर बुराई



भारत में भगवान के बाल रूप के अनेक मंदिर हैं जैसे बाल गणेश, बाल हनुमान, बाल कृष्ण एवं बाल गोपाल इत्यादि। भारतीय दर्शन के अनुसार बाल रूप को स्वयं ही भगवान का रूप समझा जाता है । ध्रुव, प्रह्लाद, लव-कुश एवं अभिमन्यू आज भी भारत में सभी के दिल-दिमाग में बसे हैं। आज के समय में गरीब बच्चों की स्थिति अच्छी नहीं है। बाल श्रम समाज की गंभीर बुराइयों में से एक है। गरीब बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। पूरे संसार में गरीब बच्चों की उपेक्षा हो रही है तथा उन्हें तिरष्कार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूल से निकाल दिया जाता है और शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, साथ ही बाल श्रम हेतु मजबूर होना पड़ता है। समाज में गरीब लड़कियों की स्थिति और भी नाजुक है । नाबालिग बच्चे घरेलु नौकर के रूप में काम करते हैं। वे होटलों, कारखानों, दुकानों एवं निर्माण स्थलों में कार्य करते हैं और रिक्शा चलाते भी दिखते हैं। यहाँ तक की वे फैक्ट्रियों में गंभीर एवं खतरनाक काम के स्वरुप को भी अंजाम देते दिखाई पड़ते हैं। भारतीय के संविधान, 1950 के अनुच्छेद 24 के अनुसार 14 वर्ष से काम आयु के किसी भी फैक्ट्री अथवा खान में नौकरी नहीं दी जाएगी । इस सम्बन्ध में भारतीय विधायिका ने फैक्ट्री एक्ट, 1948 एवं चिल्ड्रेन एक्ट, 1960 में भी उपबंध किये हैं । बाल श्रम एक्ट, 1986 इत्यादि बच्चों के अधिकारों को सुरक्षित रखने हेतु भारत सरकार की पहल को दर्शित करते हैं । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 के अनुसार राज्यों का कर्त्तव्य है कि वे बच्चों हेतु आवश्यक एवं निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करें ।गत कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा इस सम्बन्ध में प्रशंसा योग्य कदम उठाए गए हैं । बच्चों की शिक्षा एवं उनकी बेहतरी के लिए अनेक कार्यक्रम एवं नीतियाँ बनाई गयी है, तथा इस दिशा में सार्थक प्रयास किये गए हैं । किन्तु बाल श्रम की समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है । इसमें कोई शक नहीं है कि बाल श्रम की समस्या का जल्दी से जल्दी कोई हल निकलना चाहिए । यह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है तथा इसे जड़ से समाप्त होना आवश्यक है।

**लेखक – सूची पाठक ( एम.ए. पॉलिटिकल साइंस बीएचयू )**

## न. पा. चुनाव में समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आवेदन 13 तक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज शनिवार को समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर वरिष्ठ नेता बलिराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में नगर निकाय चुनाव की तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस बैठक में ग्राम प्रधान एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता रामज्ञान यादव पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने एवं उनकी सम्पत्ति कुर्क करने पर जिला प्रशासन के रवैए की निंदा की गई । बैठक में किसानों की समस्यायों पर भी चर्चा की गयी। इस बैठक में यह तय हुआ कि जो लोग नगरपालिका चेयरमैन और सभासद हेतु प्रत्याशी बनना चाहते हैं वह 13 दिसम्बर तक अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में जमा कर दें। प्रत्याशी चयन हेतु कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया। विधायक जै किशन साहू ने इस बैठक में कार्यकताओं से नगर निकाय के चुनाव में तन मन से लगने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पार्टी इस बार हर कीमत पर नगर पालिका में अपना परचम फहरायेगी । उन्होंने कहा कि पार्टी का कर्मठ, समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता ही पार्टी का प्रत्याशी होगा। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने पार्टी के नेता और भारतीय सेना के जवान रामज्ञान यादव की बदले की भावना से कुर्क की गयी जमीन पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेना के जवानों का अपमान है। प्रदेश की सरकार भारतीय सेना के जवानों का अपमान कर रही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी जिला प्रशासन के इस कुत्सित रवैए की कठोर निंदा करते हुए कहा कि पूरी की पूरी समाजवादी पार्टी ग्राम प्रधान रामज्ञान यादव जी के साथ खड़ी है । इस बैठक में मुख्य रूप से वृजदेव सिंह खरवार,अरुण कुमार श्रीवास्तव, दिनेश यादव, आमिर अली, डॉ समीर सिंह,ओपी यादव,कमला यादव,कन्हैया सिंह यादव, पांचू यादव,फिरोज जमाल,अभिनव सिंह, आत्मा यादव, नफीसा बेगम, रीना यादव,विवेक सिंह शम्मी,शेर अली राईनी,विजय शंकर यादव,रविशेखर विश्वकर्मा, राधेश्याम यादव, परवेज अहमद,प्यारे मोहन,साहब भाई,राम ज्ञान सिंह यादव,सिंकदर कन्नौजिया,रामकरेश यादव, राकेश यादव, राजदीप रावत, पूजा गौतम अनिल यादव,नवाब खान, आदि उपस्थित थे।बैठक का संचालन सदर विधानसभा के महामंत्री रमेश यादव ने किया।

# गुजरात में बीजेपी और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की स्पष्ट चुनावी जीत के ये हैं सियासी मायने


दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाने वाला भारत के दो राज्यों यानी गुजरात और हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के आये परिणामों ने मतदाताओं की जनतांत्रिक और राजनीतिक परिपक्वताओं को एक बार फिर से जगजाहिर कर दिया है। उन्होंने देश की सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को गुजरात में और प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में स्पष्ट बहुमत देकर खुश होने की वजह दे दी है। यह बात अलग है कि हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की हार और गुजरात में कांग्रेस की शर्मनाक हार दोनों दलों के रणनीतिकारों की जेहन को कुरेदते रहेंगे कि आखिर ऐसा कैसे हुआ, क्यों हुआ और अब आगे क्या करना चाहिए?

इस बात में कोई दो राय नहीं कि गुजरात अब बीजेपी का गढ़ बन चुका है। वहां पर पिछले 27 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी काबिज है। उसके मतों में हर चुनाव में इजाफा हो रहा है। इसे लोग मोदी मैजिक यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा करार दे रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री बनने से पहले वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे और अपने गुजरात मॉडल के लिए देश-दुनिया में जाने जाते हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में हरेक पांच साल में कांग्रेस और बीजेपी के बीच होती रही सूबाई सत्ता की अदलाबदली के तहत इस बार मौका फिर से कांग्रेस को मिला है, क्योंकि जनता ने उसे स्पष्ट जनादेश दिया है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की मेहनत और राज्य नेतृत्व द्वारा बीजेपी की घेराबंदी करते हुए जनता को फ्री में कुछ कुछ देने के वायदे यहां कारगर साबित हुए हैं।

सच कहा जाए तो मतदाताओं ने बीजेपी और कांग्रेस को अपनी-अपनी नीतियों में कतिपय जनहितकारी बदलाव करने, करते रहने की स्पष्ट नसीहत दी है, अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहने का संकेत दे दिया है। देखा जाए तो हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की हार अधिक विस्मय पैदा करती है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा इसी प्रदेश के मूल निवासी हैं। वहीं, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इसी राज्य से आते हैं। यहां के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भले ही चुनाव जीत गए हों, लेकिन अपनी पार्टी बीजेपी को बहुमत नहीं दिला पाए। यहां भाजपा की कांग्रेस से सीधी टक्कर रही, जिसमें बीजेपी हार गई। यह बात अलग है कि यदि आप यहां मजबूत हुई होती, जैसा कि अफवाह पंजाब विधानसभा चुनावों के बाद उड़ी, तो वह कांग्रेस की वोट काटती। इससे बीजेपी को गुजरात की तरह यहां पर भी फायदा हो जाता। लेकिन कांग्रेस ने तो गुजरात में हद ही कर दी। उसके बड़े नेताओं यानी सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने चुनाव पूर्व ही हथियार डाल दिये और बीजेपी के खिलाफ तगड़ी घेराबंदी नहीं की। इससे कांग्रेस अपना 2017 वाला प्रदर्शन भी बरकरार नहीं रख पाई। उल्टे इसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिला और उसने राज्य में न केवल अपना जनाधार बढ़ाया, बल्कि लगभग आधा दर्जन सीटें भी झटक ली। यह ठीक है कि गुजरात में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी से अधिक सीट तब हासिल हुई, जब उसके दिग्गज नेताओं ने कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। अन्यथा चुनाव परिणाम एकतरफा बीजेपी के पक्ष में नहीं जाता और न ही आम आदमी पार्टी को वहां उछलने का कोई खास मौका मिलता।

इन चुनावों ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब पिछली त्रिशंकु सरकारों का हश्र देख स्पष्ट जनादेश देने लगी है। वह किसी एक पार्टी पर फिदा होने की जगह गुण-दोष के आधार पर सभी प्रमुख पार्टियों को मौका दे रही है, जो उसकी नजरों में योग्य हैं। मतदाताओं की यह मनोदशा कांग्रेस के बाद अब बीजेपी के लिए भी सेहतमंद नहीं कही जा सकती है। एमसीडी चुनावों में आप को मिली हालिया क्लीन स्वीप भी इस बात की तस्दीक कर चुकी है। जनता का मूड बता रहा है कि भविष्य का चुनावी महाभारत बीजेपी और कांग्रेस के बीच न होकर बीजेपी और आप जैसी क्षेत्रीय ताकतों के बीच होगी, जिसके मुताल्लिक कांग्रेस को बीजेपी के मुकाबले में खड़ा होने के लिए क्षेत्रीय क्षत्रपों का सहारा लेना होगा, जो कि कांग्रेस को भाव देने के मुड में नहीं हैं। बता दें कि बिहार में राजद और जदयू, उत्तरप्रदेश में सपा, रालोद और बसपा, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और माकपा, उड़ीसा में बीजू जनता दल, हरियाणा में लोकदल, महाराष्ट्र में राकांपा और शिवसेना, आंध्र प्रदेश में वाईसीआर कांग्रेस और टीडीपी, तेलंगाना में टीआरएस, कर्नाटक में जनतादल सेक्युलर, तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, केरल में माकपा और मुस्लिम लीग आदि दो दर्जन ऐसे दल हैं जो कभी बीजेपी नीत एनडीए तो कभी कांग्रेस नीत यूपीए का अंग बनकर खुद तो मजबूत हो रहे हैं, लेकिन अपने इलाके में बीजेपी और कांग्रेस को पनपने नहीं दे रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने विकास खंडों की समीक्षा बैठक में लगाई क्लास



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डो की प्रगति समीक्षा बैठक शुक्रवार देर सायं राईफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा जनपद के छः आकांक्षात्मक विकास खण्ड रेवतीपुर, सादात, देवकली, बाराचवर, विरनो, मरदह जिसका चयन प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में किया है जिसमे कराये जा रहे विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा की तथा कम प्रगति वाले विकास खण्डो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए 17 विभागो के लक्षित इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि आकाक्षात्मक विकास खण्डो में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होने मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न पैरामीटर्स पर व्यापक कार्य कराते हुए प्रदेश मे चयनित आकाक्षांत्मक विकास खण्डो मे टॉपः छठवें स्थान पर बनाने की बात कही। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप अकांक्षात्मक विकास खण्डो में विकास कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही ये कहा कि यह कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है। आकांक्षात्मक ब्लॉक को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर हैं और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इसमें लापरवाही मिलने पर कार्यवाई तय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, समस्त खण्ड विकास अधिकारी समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र मुजेहरा कला का किया निरीक्षण

## धान बिक्री किसान बन्धु साथ में लाये आधार कार्ड व अन्य कोई पहचान पत्र



प्रखर मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान कय केन्द्र का निरीक्षण किया। खाद्य विभाग विपणन शाखा क्रय केन्द्र मुजेहरा कोन- निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी सुश्री नसरीन मौके पर उपस्थित रही। इस केन्द्र पर खरीद हेतु 143 किसानों द्वारा सम्पर्क किया गया है। निरीक्षण के समय तक 76 किसानों से 2637.20 कु0 खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 52 किसानों का भुगतान किया जा चुका है। कुल क्रय किये गए धान के सापेक्ष 1140 कु0 का प्रेषण मिलों पर किया गया है। निरीक्षण के समय पाया गया कि श्री राम सिंह की खरीद की जा रही थी, जिनके पास सत्यापन प्रपत्र था, किन्तु पहचान पत्र व आधार कार्ड उपलब्ध नहीं था, जबकि पूर्व में सभी केन्द्र प्रभारियों को कई बार निर्देशित किया गया है कि किसान का पहचान पत्र से अथवा उसके नामिनी का पहचान पत्र से सत्यापन करने के उपरान्त ही खरीद की जाये। अपर जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अवशेष किसानों के क्रय धान का भुगतान दो दिवस के अन्दर सुनिश्चित करें। उन्होने किसान बन्धुओं से भी अपील करते हुये कहा कि धान बिक्री के लिये केन्द्र पर अपना आधार कार्ड अथवा अपने द्वारा नामित नामिनी का कोई पहचान पत्र अवश्य ले आये ताकि केन्द्र पर धान की खरीद असानी से कराया जा सकें।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महिला हिंसा के विरुद्ध एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन

प्रखर मिजार्पुर। अहरौरा राजगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सोनबरसा में बाल संरक्षण समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान, सदस्यों व प्रेरकों के साथ बैठक किया गया। ब्लॉक समन्वयक राघवेंद्र कुमार द्वारा लोगों का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया गया जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य तथा सदस्यों की जिम्मेदारी व भूमिका किशोरी समूह के सदस्यों की जिम्मेदारी और उनकी भूमिका आदि पर विस्तार से बताया और निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया हमारे संवैधानिक मौलिक अधिकार संवैधानिक मौलिक कर्तव्य महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार पर चर्चा अधिकार के हनन से संबंधित कानूनों पर चर्चा ग्रामीण स्तरीय बाल संरक्षण समिति पर चर्चा किया गया। उसके पश्चात नई पहल परियोजना के जिला समन्वयक रतन कुमार मिश्रा के द्वारा शिक्षा के महत्व तथा मानव अधिकार पर चर्चा करते हुए निम्न बिंदुओं पर जानकारी दिया गया बाल अधिकार पर चर्चा सामाजिक सुरक्षा योजना विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य एवं उद्देश्य बाल विवाह,बाल श्रम, बाल तस्करी की रोकथाम व हेल्पलाइन नंबर, जेंडर, रंग भेदभाव पर चर्चा शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 पर



चर्चा उपरोक्त बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने के बाद किशोरियों को ग्राम प्रधान राम ललित सिंह के द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र तथा उन्हें टी-शर्ट दिया गया। बैठक में साधना पटेल शशि कला मनीषा पटेल दीपा वैष्णवी आंचल काजल ज्योति संध्या रेखा देवी इंद्रावती देवी कमलावती देवी हिरावटी देवी सरिता देवी नीलम देवी रोशनी सिंह रुखसार सबीना बानो शर्मिला साहिबा इत्यादि 60 लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्र, कोई निस्तारण नहीं

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, समाधान दिवस पर पड़े 5 प्रार्थना पत्रों में से एक का भी मौके पर निस्तारण नही हो पाया, 5 प्रार्थना पत्रों में 4 राजस्व व एक पुलिस विभाग से सम्बंधित मामला रहा। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अपराध दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरयादियों को सुने एसपी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थाना भांवरकोल तथा थाना करीमुद्दीनपुर पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही दोनो थानों के विभिन्न विभागों का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, मेस, बैरक तथा थाने पर हो रहे निर्माण कार्यों और उनकी गुणवत्ता की भी चेकिंग की गई तथा संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### दबंगों ने गिराया बाउंड्रीवाल, पीड़ित ने थाना दिवस पर पहुंच दी तहरीर



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के घुड़दौड़ गांव में शुक्रवार की शाम दबंगों ने बाउंड्रीवाल को गिरा दिए पीड़ित शनिवार की सुबह थाना दिवस पर पहुंच अपनी फरियाद सुनाई पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।पीड़ित मुन्नू सिंह पुत्र स्व शिवगोपाल सिंह ने बताया कि अपने घर व सहन के चारो तरफ से बाउंड्रीवाल बना रहा था इसी बीच कुछ मनबढ़ व्यक्तियों के द्वारा हमारे सहन के बीचोबीच से रास्ता निकलवाने की बात करने लगे।जिससे क्षुब्ध होकर उपजिलाधिकारी को पत्रक दिया गया उपजिलाधिकारी ने आदेश के बाद शेष बची जमीन पर बाउंड्रीवाल बनवा दिया गया निर्माण के समय ही विपक्षीगण के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा मो.जियाउद्दीन दोनो पक्षों को थाने पर आने की बात कही।शाम को बाजार जाने के बाद दबंगों द्वारा बाउंड्रीवाल को यह कह कर गिराया कि चंदवक थाने के दरोगा ने कहा है बाउंड्रीवाल गिराने की सूचना 112 नंबर पर दी गई पुलिस को आता देख दबंगों ने गाली गलौज देते हुए भाग गये।जबकि मेरे आराजी नंबर में मेरा घर बना हुआ और विपक्षिओ को घर आने जाने के लिए खड़ंजा पुस्तैनी बना हुआ है।

### फाइलेरिया का नि:शुल्क जांच किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। फाइलेरिया जांच का निशुल्क आयोजन डॉ मंजू सिंह जी के निवास स्थान कोदोपुर, रामनगर में किया गया। इस जांच शिविर को आयोजित कराने में योगदान रहा भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह, मिथलेश सिंह, अविनाश सिंह, सूर्यवंशी जी अनुराग यादव, रितेश कुमार पाल भारतीय जनता पार्टी अन्य क्षेत्रीय सम्मानित लोग जांच में सम्मिलित रहे।

### एडीएम ने किया धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश



प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। एडीएम राजस्व एवं वित्त राम अक्षयवर चौहान ने अपने मातहतों के साथ धान क्रय केंद्र, तहसील, कोतवाली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। शनिवार की दोपहर एडीएम सीधे नई सब्जी मंडी स्थित धान क्रय केंद्र पहुँचे जहां धान और किसानों से सम्बंधित जानकारियां प्राप्त की एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया की किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके बाद एडीएम राम अक्षयवर चौहान तहसील का निरीक्षण करने के बाद कोतवाली पहुँचे जहां स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया सब कुछ ठीक मिलने पर संतोष जताया। थाने पर आयोजित थाना दिवस पर फरियादियों की समस्याएं भी सुनी और तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जिस पर पाँच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एवं दो प्रार्थना पत्रों को मौके पर भेज कर निस्तारण का प्रयास किया जा रहा था। निकाय चुनाव के सम्बंध में पूछे जाने पर एडीएम ने बताया की निकाय चुनाव की तैयारियां पूरे पारदर्शिता और निष्पक्ष तरीके से चल रही है। उक्त मौके पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय सहित क्षेत्र के समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

## पुलिस के सार्थक प्रयास से खोये हुए पर्स के धारक को ढूंढ़कर किया गया वापस



प्रखर मिजार्पुर। सर्विलांस सेल में तैनात आरक्षी आशुतोष कुमार सिंह को कार्यालय आते समय रास्ते में एक पर्स प्राप्त हुआ, जिसमें कुछ कागजात आधार कार्ड इत्यादि तथा नकदी थी । आरक्षी द्वारा पर्स में रखे आधार कार्ड के माध्यम से पर्स धारक प्रभाकर सरोज निवासी चड़िया थाना कछवां जनपद मीरजापुर को थाना कछवां के माध्यम से सूचना भिजवायी गयी। पर्स मिलने के सम्बन्ध में सूचना मिलते ही नाउम्मीद हो चुके पर्स धारक प्रभाकर सरोज द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय, पहुंचा गया। जहां पर्स में रखे डॉक्यूमेंट व सम्पूर्ण नगदी को पाकर अत्यधिक खुशी प्रकट करते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का बेहतरीन ढंग से निर्वहन कर रही जनपदीय पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## अब्बास अंसारी के ड्राइवर ने शराब के नशे में प्रयागराज में कई गाड़ियों को टक्कर मारी ड्राइवर गिरफ्तार जेल भेजा

प्रयागराज। मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी के ड्राइवर रितेश ने शराब के नशे में प्रयागराज में कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। रितेश ने सिविल लाइंस इलाके में एक कार और तीन बाइक में टक्कर मारने के बाद इंडीवर कार बिजली के पोल से टकरा कर रुक गई। पुलिस ने हादसे का सबब बनी इंडीवर कार को सीज कर ड्राइवर रितेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बहराइच जिले के इटौवा इलाके के रहने वाला ड्राइवर रितेश मुख्तार अंसारी के परिवार का बावर्ची है और जरूरत पड़ने पर रितेश कार भी चलाता है। बताया जा रहा है कि अब्बास अंसारी की पत्नी चित्रकूट जेल में बंद पति मुख़्तार अंसारी से मिलने के बाद प्रयागराज आई थीं।

## केआईटी वाराणसी में टेक्नो फेस्ट कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रखर वाराणसी। मिजार्मुराद स्थित काशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के परिसर में दो दिवसीय एकेटीयू जोनल टेक्नोफिस्ट कार्यक्रम का शानदार समापन हुआ` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा तालाब तहसील के उप जिलाधिकारी श्री गिरीश द्विवेदी जी रहे` मुख्य अतिथि का स्वागत काशी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ आशुतोष मिश्र एवं काशी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के उपनिदेशक डॉ ए के यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वाग्देवी की बंदना से हुआ` छात्रों में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिया तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय द्वारा विभिन्न प्रति भागों में विजेता रहे प्रतिभागियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया` ड्रोन प्रतियोगिता में के आईटी के प्रभात विश्वकर्मा तथा तुषार कुमार सिंह संयुक्त रूप से विजेता रहे` ब्रिज प्रतियोगिता में के आई टी के अनुपम यादव एवं अनुराग गौर विजेता रहे` इसी प्रकार डिबेट प्रतियोगिता में यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रयागराज



के गौरव और जानवी विजेता रहे । अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि महोदय ने छात्रों को उत्साहित करते हुए अपने समग्र विकास पर ध्यान देने हेतु प्रेरित किया तथा छात्रों से कहा कि आज की शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है` जितना ज्यादा रिसर्च होगा उतनी ही ज्यादा शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा उन्होंने यह भी कहा कि आप का विकास सिर्फ शिक्षा से नहीं बल्कि स्पोर्ट्स, मैनेजरियल स्किल्स तथा सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने से भी होगा` अच्छा था उन्होंने इस कार्यक्रम को करने हेतु एकेटीयू लखनऊ का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय अध्यक्ष डॉक्टर डीएम श्रीवास्तव कल्चरल हेड रवि रंजन सिंह स्पोर्ट्स कोच अजय विक्रम सिंह उप कुलसचिव मनोज प्रजापति तथा सभी विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न संस्थाओं से आए हुए छात्रों एवं अध्यापक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुश्री निष्ठा साहू द्वारा किया गया।

# जागरूकता रैली निकाल मनाया मानवाधिकार दिवस




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। डियोटेड सोसायटी फॉर ह्यूमन राइट एंड डेवलैपमेंट मानवाधिकार संगठन के तत्वाधान में गाजीपुर नगर में मिश्राबाजार से कचहरी सरजू पांडेय पार्क तक मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमे प्रदेश के उपाध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने बताया कि मानवाधिकार दिवस हर साल की भांति इस साल भी मनाया गया जिसमे हमारे संगठन के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे वही उन्होंने कहा कि जिस दिन संयुक्त राष्ट महासभा ने सन् 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था जो मानवाधिकार दिवस के दिन सन- 2022 से 75 वी वर्षगाठ को बढ़ावा देने एवम मान्यता देने के लिए एक साल तक चलने वाला अभियान चल रहा है जिसमे सभी लोग शामिल हो जिससे मानवाधिकार की 75 वी वर्षगाठ 2023 में मनाया जा सके। वही जिला प्रवक्ता विनय तिवारी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस को मानने का मुख्य उद्देश्य किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा करना और उसे बढ़ावा देना है, इस दिन मनाए जाने वाले आयोजन लोगो को अपने स्वयं के मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने पर केंद्रित होते है, यह अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी की भावना लाने के साथ मानवाधिकार के प्रति जवाबदेही बनाने का भी प्रयास करता है। जागरूकता रैली में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अमित अग्रहरी, जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रहरी, नगर अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी,जिला महासचिव संदीप, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग फौजदार बिंद, राजतिलक, प्रमोद विश्वकर्मा, कमल किशोर, अमरनाथ गुप्ता, राजेश गुप्ता, आशीष शर्मा, प्रिंस वर्मा, अमित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, सलमान, आदि उपस्थित रहे।

## आलू के पराठे पर हुआ पत्नी से विवाद फिर रेलवे ट्रैक पर मिला पति का शव

अलीगढ़। अलीगढ़ में आलू के पराठे पर हुए विवाद के बाद एक पत्नी पर पति की हत्या का आरोप लगा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल यह मामला अलीगढ़ जिले के नगला मसानी का है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी से खाने के लिए आलू का पराठा मांगा तो पत्नी ने विवाद खड़ा कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी घर छोड़कर अपनी बहन के पास चली गई। आरोप है कि पत्नी के घर से जाने के बाद पति भी उसके पीछे-पीछे चल दिया। कुछ देर बाद पति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। मृतक के परिजनों के अनुसार पत्नी के बहनोई के बीच अवैध संबंध हैं। इसी बात को लेकर अक्सर पति और पत्नी के बीच विवाद होता था। आरोप है कि इसी बात को लेकर पत्नी ने अपने बहनोई के साथ मिलकर अपने पति की कथित हत्या कर दी। मृतक के परिजनों ने पुलिस को मामले में तहरीर दी है। परिजनों ने आरोपी पत्नी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## मण्डलायुक्त द्वारा मण्डी समिति में स्थापित धान क्रय केन्द्र किया गया निरीक्षण



प्रखर मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा मण्डी समिति मीरजापुर में संचालित धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सहायक आयुक्त खाद्य भी उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त द्वारा केन्द्र पर उपलब्ध किसानों के खतौनी व पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से धान क्रय से सम्बन्धित विषय पर वार्ता की गयी। किसानों के द्वारा बताया गया कि धान की खरीद नियमानुसार सुचारू ढंग से किया जा रहा हैं। उन्हें क्रय केन्द्र पर कोई परेशानी नही हैं। मण्डलायुक्त द्वारा धान से भरे बोरा का भी वजन कराया गया। उन्होने कहा कि धान खरीद में किसानों को किसी प्रकार परेशानी न होने पायें। मण्डलायुक्त द्वारा किसानों से अपील करते हुये कहा गया कि धान खरीद में यदि किसी प्रकार की परेशानी/शिकायत हो तो आर0 एफ0सी0 विन्ध्याचल मण्डल के मोबाइल नम्बर-9415376315 पर वार्ता कर समाधान कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर पर अंकित किये गये बिक्री करने वाले किसानों के विवरण एवं टोकन रजिस्टर को भी देखा गया। उन्होने कहा कि किसानों के धान का क्रय टोकन रजिस्टर पर दर्ज नम्बर के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाय ताकि किसान बिना किसी कारण के केन्द्र से वापस न जाये।

# टीएमसी नेता श्रीधर पाण्डेय ने किया कंबल वितरण



प्रखर कछवां रोड,वाराणसी। पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीधर पाण्डेय जी अपने व्यस्ततम कार्यक्रम में से कुछ दिनों का समय निकालकर अपने पैतृक निवास जिला वाराणसी ग्राम सभा ठठरा में पधारे वैसे तो यह पश्चिम बंगाल से वाराणसी तक अपने समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं लेकिन अपने पैतृक निवास में वह जब भी आते हैं कुछ ना कुछ विशेष कार्यक्रम जरूर करते हैं, तो इस बार अपने पिता और पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व विधायक स्वर्गीय रवि शंकर पांडे जी के स्मृति में दिनांक 9/12/2022 को क्षेत्र के तमाम जरूरतमंद, मजदूरों को कंबल बांटने की ठानी, कहने के लिए तो यह मात्र एक ऊनी वस्त्र है लेकिन हमारे मजदूर भाइयों के लिए यह किसी हीटर से कम नहीं, जिस प्रकार कहा जाता है डूबते को तिनके का सहारा काफी, वैसे ही इस भीषण ठंड में यह कंबल भी सहयोगी होगा। क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों की उपस्थिति में श्रीधर पाण्डेय जी ने सैकड़ों के ऊपर कंबल बांटे वैसे तो इस समाज सेवा के लिए पूरे क्षेत्र भर में उनकी तारीफ होती ही रहती है लेकिन इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता उनके अपने मतों में यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए कि वह व्यक्ति जरूर समाज सेवा करें जिसके ऊपर माता लक्ष्मी की कृपा बनी हुई है, स्वामी विवेकानंद ने भी इस बात पर जोर देते हुए कहा था कि हमारी भारतीय संस्कृति सदैव ही व्यष्टि समष्टि का पोषक रहा है। जैसे समाज उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनको लाखों शुभकामनाएं और आशीर्वाद देता रहता है वैसे वह भी समाज में सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।लोकतंत्र सेनानी लक्ष्मी शंकर पाण्डेय,पूर्व क्षेत्र पंचायत श्याम बहादुर दूबे (भावी जिला पंचायत),दिनेश दुबे,जर्नलिस्ट अरविंद उपाध्याय, ठटरा ग्राम प्रधान सुनील कुमार बिंद,नरेंद्र तिवारी मंडल प्रभारी भारतीय पत्रकार संघ वाराणसी,उत्तम पाण्डेय(समाज सेवी), सुरेश पाण्डेय,जय चौबे(ददा), राज पाण्डेय,उमेश दूबे,विकाश पाण्डेय एवं क्षेत्र की जोशीली जनता इस कंबल वितरण के कार्यक्रम की साक्षात साक्षी बने ।

## पद्म श्री रघुराय की फोटो पत्रकारिता के सामाजिक यथार्थ पर अनुसंधानरत, पर हुआ अमित का चयन



शिवपुर। भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद् ने डॉक्टरॉल फेलोशीप 2022-23 की सूची जारी की है। देश भर में मीडिया अनुसंधान के लिए कुल 15 अनुसंधानकताओं का चयन इस बार किया गया है। पद्म श्री रघुराय की फोटो पत्रकारिता के सामाजिक यथार्थ पर अनुसंधानरत वाराणसी जनपद के शिवपुर निवासी अमित कुमार मिश्रा का चयन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से किया गया है। भारत के कुल विश्वविद्यालयों से 461 शोधार्थियों का चयन किया गया है इसमें सभी सामाजिक विज्ञान के अनुसंधानकर्ता शामिल हैं।अमित कुमार मिश्रा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इकलौते पीएचडी शोधार्थी हैं जिनका चयन इस बार ICSSR ने डॉक्टरॉल फेलोशीप के लिए किया है। अमित कुमार मिश्रा 2019-20 बैच के शोधार्थी हैं और ये मीडिया अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार के सुपरविजन में शोधरत हैं। मूलतः बनारस के छतरीपुर शिवपुर मुहल्ले के रहने वाले अमित डॉ. धर्मेंद्र कुमार और चन्द्रकला देवी के सबसे छोटे पुत्र हैं। ICSSR डॉक्टरॉल फेलोशीप में चयन पर विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विभाग की उपलब्धि है। अमित मिश्रा का विषय आज के संदर्भ में बड़ा मायने रखता है। आज कई प्लेटफार्म है जो तस्वीरों के माध्यम से अभिव्यक्ति को जन जन तक पहुंचा रहे हैं। महान फोटो पत्रकार पद्मश्री रघुराय की तस्वीरें आपातकाल, भोपाल गैस लीक कांड के सबसे बड़े गवाह के तौर पर देखा जाता है। आज के संदर्भ में तस्वीरों को दुनिया में क्रांति के सबसे बड़े वाहक के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं उनके शिक्षक रहे और वर्तमान में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. परमात्मा कुमार मिश्रा ने कहा कि अमित मेघावी हैं, इनोवेटिव हैं और सबसे बड़ी बात साकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाले अनुसंधानकर्ता हैं।



## अदिवि शेष की 'हिट 2' का एक हफ्ते में ताबड़तोड़ कलेक्शन

चेन्नई। फिल्म 'मेजर' स्टार अदिवि शेष की 'हिट 2' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही है। रिलीज के बाद से ही मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन किया है। ये एक हार्डकोर ऐक्शन थ्रिलर है, जिसने पूरे देश को ही हिला कर रख दिया है। फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में 28.1 करोड़ की कमाई की है। जिसे हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों के बिजनेस की तुलना में कहीं बेहतर माना जा रहा है।

असल में अदिवि शेष स्टारर फिल्म ने अपने पहले वीकेंड पर 'दृश्यम 2', 'भेड़िया' और 'ऐक्शन हीरो' जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है।

लाइफ Style

## रिया चक्रवर्ती जिंदगी में हुई 'प्यार' की एंट्री



बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती पिछले लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। लेकिन, पर्सनल लाइफ को लेकर अभिनेत्री लगातार चर्चा में हैं। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद रिया लगातार प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निशाने पर रहीं।

**मुंबई।** अभिनेता की मृत्यु के बाद लगातार मुश्किलों में घिरी रहीं अभिनेत्री अब अपनी निजी जिंदगी में आगे बढ़ रही हैं।अभिनेता के निधन के ढाई साल बाद रिया चक्रवर्ती की जिंदगी में एक बार फिर प्यार की एंट्री हो गई है। जी हां, नई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रिया चक्रवर्ती एक बार फिर प्यार में हैं। लेकिन, वह अपने रिश्ते को प्राइवेट रखना चाहती हैं।

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था। जिसके बाद रिया ने पब्लिक और मीडिया ट्रायल का सामना किया। अब अभिनेत्री कथित तौर पर सीमा सजदेह के भाई बंटी सजदेह को डेट कर रही हैं। बंटी स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की बड़ी टेलेंट मैनेजमेंट फर्मों में से एक के मालिक हैं और पहले सोनाक्षी सिन्हा के साथ डेटिंग की अफवाह को लेकर भी चर्चा में रह चुके हैं। बातचीत में एक सूत्र ने कहा- 'बंटी और रिया साथ हैं और खुश हैं। दोनों को साथ देखना बेहद अच्छा है। पिछले कुछ सालों में रिया ने जो कुछ भी झेला है, ऐसी स्थिति में बंटी उनका सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। जब चीजें गंदी हो रही थीं, बंटी लगातार उनके साथ थे।' रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि, रिया भी बंटी की क्लाइंट थीं। इसी के चलते सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद जब रिया से पूछताछ की जा रही थी तो बंटी को भी बुलाया गया था। बता दें, बंटी सजदेह, सोहेल खान की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह के भाई हैं और बंटी सजदेह कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट के एमडी और सीईओ हैं। यह एजेंसी राट कोहली, रोहित शर्मा और शिखर धवन सहित स्पोर्ट्स इंडस्ट्री के कई बड़े नामों के काम संभालती है। इसके अलावा बंटी धर्मा कॉर्नरस्टोन एजेंसी का भी हिस्सा हैं।

हॉलीवुड मसाला



## सेलीन को हुआ न्यूरो डिसऑर्डर

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर गायिका सेलीन डियोन जल्द ही प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'लव अगेन' से एक्टिंग डेब्यू करने वाली हैं। लेकिन उनके एक्टिंग डेब्यू से पहले उनके फैन्स के लिए एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। सेलीन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर 'स्टिफ-पर्सन सिंड्रोम' न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर से ग्रस्त होने की जानकारी साझा की है।



## किम ने तोड़ी चुप्पी

**न्यूयार्क।** 'बलेनसियागा' हॉलिडे ऐड कैंपेन के चलते विवादों में आ गया है। लक्जरी फैशन ब्रांड के साथ अक्सर काम करने वाली किम कार्दशियन ने आखिरकार इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ी। किम ने जवाब देना तब जरूरी समझा, जब उनका इंस्टाग्राम पोस्ट लोगों के सवालों से भर गया था।

किम से उनके फैंस पूछ रहे थे कि उन्होंने विवादित ऐड कैंपेन पर क्यों चुप्पी साधी हुई है, जबकि वे #बायकॉट 'बलेनसियागा' टैग का इस्तेमाल करके मुद्दे को उठा रहे थे। किम ने ट्वीट्स की एक सीरीज में इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी के पीछे का कारण स्पष्ट किया है और अपने विचार जाहिर किए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा है, 'मैं पिछले कुछ दिनों से शांत हूं।



## रामचरण बोले- पिता ने कहा है क्या करो और क्या नहीं

साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी औऱ उनके बेटे राम चरण तेजा एक ही घर से दो सुपरस्टार हैं। दोनों ने ना सिर्फ बेहतरीन एक्टर्स हैं, बल्कि दोनों ने समाज के भलाई के लिए भी काफी योगदान दिया है। हाल ही में राम चरण तेजा ने अपने पिता के बार में बात करते हुए कहा कि अपने स्टाफ और अपने आस पास के लोगों का ख्याल रखो, उन्होंने कभी नहीं कहा कि अपने प्रोड्यूसर–डायरेक्टर का ख्याल रखो। उन्होंने अपने पिता को याद करते हुए कहा, उनके पिता का मानना है कि एक आदमी का संकल्प दृढ़ होना चाहिए। बता दें कि गोवा में हाल ही में आयोजित 53 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रसिद्ध अभिनेता चिरंजीवी को साल 2022 के लिए भारतीय फिल्म का पर्सनैलिटी ऑफ दी ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी एक मशहूर एक्टर, डांसर, फिल्म निर्माता, वॉइस आर्टिस्ट और राजनीतिज्ञ हैं।




## फातिमा सना शेख के लेटेस्ट फोटोशूट ने मचाया तहलका

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में पहलान गीता फोगाट का किरदार निभाने के बाद लोकप्रियता की बुलंदियों पर पहुंची एक्ट्रेस फातिमा सना शेख को अकसर उनके शानदार अंदाज के लिए पहचाना जाता है। फातिमा सना शेख की आने वाली फिल्म 'सैम बहादुर' है जो अगले साल 1 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी। इसके पहले फातिमा सना शेख ने अपना एक फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वह ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही है। 'दंगल' गर्ल के नाम से मशहूर फातिमा सना शेख ने इस फोटोशूट को अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर किया है। इन फोटो को देखकर फैन्स खूब कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने इस पर कमेंट करते हुए कहा है,'पूरी नागिन लग रही हो।' एक ने लिखा है कि आपकी मुस्कान तो माशाअल्लाह है। एक अन्य ने कमेंट किया है कि हर अदा है फिदा आप मुस्कुराते रहे सदा. वहीं एक फैन ने उन्हें परी बताया है। सैम बहादुर में फातिमा सना शेख इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं।

टीवी मसाला

## 'उल्टा चश्मा' के फैंस हुए निराश, लीड कैरेक्टर ने शो को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में पॉपुलर कैरेक्टर प्ले करने वाले आर्टिस्ट एक-एक करके शो को अलविदा कह रहे हैं। बीते दिनों शो में तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेश लोढ़ा ने शो को अलविदा कह दिया था। हालांकि उनके शो के छोड़ने की वजह सामने नहीं आई थी। इनसे पहले शो से दिशा वकानी, नेहा मेहता और शैलेश लोढ़ा समेत कई कालाकारों ने इस शो को अलविदा कह दिया था। अब शो में टप्पू का किरदार निभाने वाले राज अनादकट ने भी शो को छोड़ने का ऐलान कर दिया है। इस बार खुद टप्पू ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को शो से अलविदा कहने की खबर दी है। ये ऐनाउंसमेंट करते हुए राज ने लिखा, 'अब सभी तरह की अटकलों और सवालों पर विराम लगाने का समय आ गया है। ऑफिशियली नीला फिल्म्स और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के साथ मेरा कॉन्ट्रैक्ट पूरा हो चुका है।'

## सीआईडी के 'दया' का आखिर छलका दर्द, दी बिन मांगी सलाह



**मुंबई।** मशहूर सीरियल सीआईडी का दया तो आपको याद ही होगा, सीआईडी ने दयानंद शेट्टी को घर-घर में पहचान दिलाई है। हर दरवाजा तोड़ने वाले दयानंद शेट्टी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बार दया उर्फ दयानंद कोई दरवाजा तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दयानंद शेट्टी ने हेयर ट्रांसप्लांट कराया है। शेट्टी ने उनके फैन्स के साथ हेयर ट्रांसप्लांट की पूरी जर्नी शेयर की है। इस एक्टर ने बताया कि उन्हें इस दौरान कौन-कौन सी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उनका अनुभव कैसा रहा है। दयानंद शेट्टी को हेयर ट्रांसप्लांट के बाद करीबन 20-21 दिनों तक दर्द हुआ, लेकिन अब वो दर्द कम हो गया है। उन्होंने दवाइयां लेनी बंद कर दी है। सिर में अभी भी कभी-कभी हल्का दर्द होता है, लेकिन अगर कुछ सिर पर लग जाए तो बहुत दर्द होता है। इस एक्टर की आंखों के नीचे थोड़ी सूजन आई थी, लेकिन बाकी के चेहरे पर कोई असर नहीं हुआ था।

## मनोज बाजपेयी की मां गीता देवी का निधन, लंबे समय से थीं बीमार

**नई दिल्ली।** अभिनेता मनोज बाजपेयी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गुरुवार 8 दिसंबर को सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर एक्टर की मां गीता देवी ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। 80 साल की

- कई हस्तियों ने ट्वीट कर दी श्रद्धाजलि

गीता देवी करीब 20 दिन से दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती थीं।

जाने माने फिल्ममेकर अशोक पंडित ने भी ट्वीट कर लिखा 'आपकी आदरणीय मां के निधन पर मनोज बाजपेयी आप और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदनाएं, ओम शांति।'मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मनोज बाजपेयी की मां गीता देवी तबीयत में थोड़ा सुधार भी हुआ था, लेकिन



डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। मनोज बाजपेयी के पिता राधाकांत बाजपेयी का भी निधन पिछले साल हो गया था। अब मां के नहीं रहने से मनोज शोकाकुल हैं। अपनी मां के बेहद करीब रहे एक्टर अक्सर अपनी मां के बारे में बात करते रहते थे और उनकी दी गई सीख को याद रखते थे।

## दिलीप कुमार की 100वीं जयंती पर फिर रिलीज हो रही फिल्में

**नई दिल्ली।** 'ट्रैजडी किंग' के नाम से मशहूर दिलीप कुमार का पिछले साल निधन हो गया। 7 जुलाई, 2021 को 98 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा था। उनका जन्म 11 दिसंबर, 1922 को पाकिस्तान के पेशावर में हुआ था। इस साल 11

- मल्टीप्लेक्स चेन में सदाबहार अभिनेता की फिल्में फिर से

दिसंबर को उनकी 100वीं जयंती है। इस खास मौके पर देश के चुनिंदा सिनेमाघरों में उनकी लोकप्रिय फिल्में दिखाई जाएंगी।

फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने ऐलान किया है कि दिलीप कुमार की याद में 10 और 11 दिसंबर को एक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस फेस्टिवल को 'दिलीप कुमार हीरो ऑफ हीरोज' नाम दिया गया है। इसमें



'आन', 'शक्ति', 'देवदास', 'राम और श्याम' जैसी उनकी फिल्में रिलीज की जाएंगी। देशभर के 20 शहरों के 30 से ज्यादा सिनेमाघरों में इन फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। इस फेस्टिवल के लिए फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर सिनेमा के साथ हाथ मिलाया है।

### रजनी भी लौट रहे 20 साल बाद



चेन्नई। थलाइवा रजनीकांत की 20 साल पुरानी फिल्म को दोबारा से रिलीज करने की तैयारी चल रही है। उनकी फिल्म 'बाबा' 10 दिसंबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म के शो सुबह 7 बजे से ही शुरू कर दिए जाएंगे। इसके अलावा खास बात यह भी है कि फिल्म बाबा की टिकट की कीमत 99 रुपये होगी। हालांकि फिल्म के ज्यादा शो सिर्फ चेन्नई के कमला सिनेमा में ही चलाए जाएंगे। इस बात की जानकारी खुद कमला सिनेमा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी है। 'बाबा' फिल्म साल 2002 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रजनीकांत के साथ अभिनेत्री मनीषा कोइराला, सुजाता और अमरीश पुरी सहित कई दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को अपने समय में दर्शकों को काफी प्यार मिला था।

आज पुण्यतिथिः-हिंदी सिनेमा में अभिनय का एक अलग मैथड दिया था दादा मोनी ने

# अभिनेता नहीं डायरेक्टर बनना चाहते थे पहले सुपर स्टार अशोक कुमार

**मुंबई।** कलकत्ता से वकालत पढ़े अशोक कुमार को फिल्में देखना बहुत पसंद था। क्लास के बाद वे अपने दोस्तों के साथ थियेटर चले जाते थे। तब आई हीरो के. एल. सहगल की दो फिल्मों 'पूरण भगत' (1933) और 'चंडीदास' (1934) से वे बहुत प्रभावित हुए। वे तत्कालीन बंगाल में आने वाले भागलपुर में 13 अक्टूबर 1911 को जन्मे थे। उनके पिता कुंजलाल गांगुली वकील थे और मां गौरी देवी एक धनी बंगाली परिवार से थीं। मध्य प्रदेश में खंडवा के बेहद धनी गोखले परिवार ने उनके पिता को अपना निजी वकील बनाकर बुलाया तो उनका परिवार खंडवा में ही बस गया।

शुरू में वे एक्टर नहीं डायरेक्टर बनना चाहते थे। क्योंकि उन दिनों एक्टिंग को गंदा पेशा माना जाता था। अशोक कुमार का कहना था, उन दिनों कॉल गर्ल हीरोइनें बनती थीं और दलाल हीरो बनते थे। उनकी छोटी बहन के पति शशधर मुखर्जी हिमांशु राय की कंपनी बॉम्बे टॉकीज में साउंड इंजीनियर थे और प्रोडक्शन के अन्य विभागों से जुड़े थे। वे अशोक कुमार को राय के पास लेकर गए. राय ने उन्हें एक्टर बनने के लिए कहा लेकिन अशोक ने मना कर दिया। उन्हें टेक्नीकल डिपार्टमेंट में काम करना था. राय ने उन्हें कंपनी में रख लिया। अशोक बाद में डायरेक्शन में भी असिस्ट करने लगे।सब एक्टर्स को उनके सीन समझाते थे।



### क्रेज ऐसा कि जहां खड़े होते, भीड़ जमा हो जाती

अपने समय में (1940 के बाद के वर्षों में) अशोक कुमार का क्रेज ऐसा था कि वे कभी-कभार ही घर से निकलते थे और जब भी निकलते तो भारी भीड़ जमा हो जाती और ट्रैफिक रुक जाता था। भीड़ दूर करने के लिए कभी-कभी पुलिस को लाठियां चलानी पड़ती थीं। रॉयल फैमिलीज और बड़े घरानों की महिलाएं उन पर फिदा थीं।उनकी शादी शोभा देवी से हुई। दोनों ताउम्र खुशी-खुशी साथ रहे।

जब अशोक हीरो बने तो उनके घर खंडवा में कोलाहल मच गया। उनकी तय शादी टूट गई. मां रोने लगीं। उनके पिता नागपुर गए। पिता अशोक से मिले और एक्टिंग छोड़ने को कहा। अशोक हिमांशु राय के पास गए और उन्हें नौकरी के कागज दिखाए और कहा कि उनके पिता बाहर खड़े हैं और उनसे बात करना चाहते हैं। राय ने अकेले में उनके पिता से बात की। थोड़ी देर बाद उनके पिता उनके पास आए और नौकरी के कागज़ फाड़ दिए। उन्होंने अशोक से कहा, वो (हिमांशु राय) कहते हैं कि अगर तुम यही काम करोगे तो बहुत ऊंचे मुकाम तक पहुंचोगे. तो मुझे लगता है तुम्हें यहीं रुकना चाहिए। अशोक का ज्यादा लोकप्रिय नाम दादामोनी पड़ा। हालांकि ये सही संबोधन नहीं था। मूल रूप से उन्हें दादामणि कहते थे लेकिन इसे मोनी/मुनि समझ लिया गया। अभिनेता अशोक कुमार का निधन 10 दिसंबर 2001 को मुंबई में 90 साल की उम्र में हुआ।

### उनकी किस्मत फिल्म ने की एक करोड़ से ज्यादा कमाई, दिलीप कुमार की प्रेरणा थे



अशोक कुमार अपने परिवार के साथ

अशोक कुमार की 'किस्मत' पहली हिंदी फिल्म थी जिसने 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की थी। ये एक साल तक कई सिनेमाघरों में चलती रही और कोलकाता के एक सिनेमाघर में तो लगातार 5 साल तक चली। हिंदी फिल्मों के लैजेंड दिलीप कुमार एक्टिंग बैकग्रांउड से नहीं थे। फिल्मों में अभिनय, दृश्य करने की समझ को लेकर उन्हें बिलकुल शुरुआती ज्ञान अशोक कुमार से ही मिला। अशोक कुमार हिंदी फिल्मों के पहले सुपरस्टार्स में से थे जो नेचुरल एक्टिंग करते थे। दिलीप कुमार ने इसी नेचुरल एक्टिंग की प्रेरणा ली। 1944 में बॉम्बे टॉकीज की पहली फिल्म 'ज्वार भाटा' दिलवाने में भी अशोक कुमार की सिफारिश बताई जाती है। वे उन्हें अशोक भैय्या कहकर बुलाते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईडीबीआई बैंक के लिए समय सीमा बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए आरंभिक बोलियां दाखिल करने की समयसीमा में लगभग एक महीने का विस्तार किए जाने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह बताया। उन्होंने कहा कि अभिरुचि पत्र या आरंभिक बोली दाखिल करने की अंतिम तारीख 16 दिसंबर है जिसे जनवरी तक बढ़ाए जाने की संभावना है। लेनदेन सलाहकारों को समयसीमा में विस्तार के कुछ अनुरोध मिले हैं। सरकार और एलआईसी, आईडीबीआई बैंक में अपनी 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं।

### सोना 30 रुपये टूटा, चांदी में 558 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** रुपये के मूल्य में सुधार आने के बीच शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 30 रुपये घटकर 54,305 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 54,335 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी का भाव 558 रुपये की तेजी के साथ 67,365 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंचा। डॉलर के कमजोर होने और घरेलू शेयर बाजार में मजबूती होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को आरंभिक कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 19 पैसे सुधरकर 82.19 रुपये प्रति डॉलर हो गया।

### कॉनकॉर के लिए जनवरी में बोलियां मांग सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) के निजीकरण के लिए अगले वर्ष जनवरी में शुरुआती बोलियां आमंत्रित कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से भारतीय नौवहन निगम की गैर-प्रमुख एवं भूमि परिसंपत्तियों को अलग करने की मंजूरी भी इस महीने मिलने की उम्मीद है जिसके बाद सरकार मार्च या अप्रैल में एससीआई के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित कर सकती है। मार्च में खत्म होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में अब और कोई रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री की उम्मीद नहीं है, ऐसे में 65,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य को पाने के लिए सरकार छोटी हिस्सेदारी की बिक्री पर जोर दे सकती है। अधिकारी ने कहा, 'हम लक्ष्य का पीछा नहीं कर रहे। जहां भी मूल्य मिलता दिखेगा, वहां हम विनिवेश कर देंगे।' सरकार एससीआई में 63.75 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री कर रही है।

### यूनिकॉर्न माइंडमेज ने किया विस्तार

**मुंबई।** हिंदुजा ग्रुप द्वारा समर्थित और भारतीय मूल के न्यूरोसाइंटिस्ट द्वारा स्थापित यूनिकॉर्न 'माइंडमेज' अमेरिका और भारत में अपने परिचालन का विस्तार कर रहा है। भारत में यह शीर्ष सरकारी अस्पताल एम्स, नई दिल्ली सहित एक दर्जन से अधिक संस्थानों में संपूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी माइंडमेज इंडिया के माध्यम से तैनात है। माइंडमेज के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ डा. तेज टाडी ने कहा, माइंडमेज गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं वाले रोगियों के लिए प्रामाणिक समाधानों के विकास के माध्यम से देखभाल की निरंतरता के साथ न्यूरो रिकवरी को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एक्सिस लांग इ्यूरेशन फंड

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर 'एक्सिस लॉन्ग ड्यूरेशन फंड' के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन.एंडेड डेट स्कीम है। इसका एनएफओ 21 दिसंबर को बंद होगा। इसमें न्यूनतम निवेश राशि 5000 रुपए और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में निवेश की जा सकती है। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ चंद्रेश निगम ने कहा, हम चाहते है कि निवेशक रिटायरमेंट निवेश पर फिर से विचार करें।

### 'एडटेक एक्सेलेरेटर' लांच

**नई दिल्ली।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी गैर-लाभकारी और कल्याणकारी संगठनों के एक समूह ने बच्चों की घर पर आधारभूत शिक्षा का समर्थन करने के लिए 'एडटेक एक्सेलेरेटर' लॉन्च किया है। एक्सेलेटर विविध उच्च-गुणवत्ता वाले सोल्यूशन की आपूर्ति को बढ़ावा देने एवं होम लर्निंग पर मांग को बढ़ाने के लिए एक बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। एक्सेलेटर उच्च गुणवत्ता वाले सोल्यूशन की पेशकश करने वाले मिशन-संरेखित एडटेक संगठनों का एक जीवंत इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

*(एजेंसियां)*

## फेडरल रिजर्व की प्रथम उपाध्यक्ष बनीं भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला

**न्यूयार्क (भाषा)।**

भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला को न्यूयॉर्क में फेडरल रिजर्व बैंक की प्रथम उपाध्यक्ष (फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट) एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब वह इस प्रतिष्ठित केंद्रीय बैंक की दूसरी सबसे बड़ी अधिकारी बन गई हैं।



न्यूयॉर्क स्थित केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि शुक्ला की नियुक्ति को फेडरल रिजर्व सिस्टम के निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। शुक्ला (54) को न्यूयॉर्क के फेडरल रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने प्रथम उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है और यह नियुक्ति मार्च 2023 से प्रभाव में आएगी।

शुक्ला ने एक बयान में कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "इस अहम संस्थान के समर्पित नेतृत्व को समर्थन देने और इसकी महत्वपूर्ण गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मैं अपने पूरे अनुभव का उपयोग करूंगी।"

केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जॉन विलियम्स ने कहा कि शुक्ला ऊर्जा से भरी, प्रेरणादायी और बहुत ही प्रभावीशाली हैं जो बैंक में अपना लंबा अनुभव लेकर आ रही हैं।

विलियम्स ने कहा कि शुक्ला को प्रौद्योगिकी और नवाचार विधियों का गहन ज्ञान है और वह विविध तथा समावेशी संस्कृति बनाने को लेकर बहुत उत्साही हैं। केंद्रीय बैंक की वेबसाइट पर मौजूद शुक्ला के विवरण में बताया गया है कि उन्हें बीमा उद्योग का करीब 20 वर्ष का अनुभव है और वह नेतृत्व की विभिन्न भूमिकाओं में रही हैं।

## स्नैपडील ने आईपीओ लाने की योजना टाली

**नई दिल्ली (भाषा)।** ई-वाणिज्य कंपनी स्नैपडील ने बाजार में कमजोर स्थितियों को देखते हुए अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना स्थगित कर दी है। कंपनी ने यह जानकारी दी। स्नैपडील आईपीओ के तहत 1,250 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी करने वाली थी और तीन करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री पेशकश करने वाली थी। आईपीओ को स्थगित करने के बाद अभी उसने इसके लिए कोई नई समयसीमा तय नहीं की है।

स्नैपडील के प्रवक्ता ने बताया, 'बाजार की मौजूदा स्थितियों को देखते हुए, कंपनी ने मसौदा दस्तावेज वापस लेने का निर्णय लिया है। कंपनी आईपीओ लाने पर भविष्य में विचार कर सकती है और यह बाजार की परिस्थितियों तथा वृद्धि के लिए पूंजी की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।" किसी समय ई-वाणिज्य क्षेत्र की दमदार कंपनी रही स्नैपडील को अमेजन और फ्लिपकार्ट से मजबूत चुनौती मिली। इसके मंच पर बेचे जाने वाले 90 फीसदी से अधिक उत्पादों के दाम 1,000 रुपये से कम होते हैं और इसके 80 फीसदी से अधिक उपभोक्ता छोटे शहरों में हैं।

## जी20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी 'ताकत' दिखाने का अवसर : गडकरी

**नई दिल्ली (भाषा)।**



■ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक

■ युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरों की बड़ी मौजूदगी भारत की सबसे बड़ी ताकत

■ देश की अर्थव्यवस्था बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही है। अगले पांच साल में हम दुनिया में वाहन विनिर्माण केन्द्र के रूप में पहले स्थान पर होंगे

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का मानना है कि जी20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी 'ताकत' दिखाने का अच्छा अवसर है। उन्होंने शुक्रवार को यहां आईसीएआई के बहरीन चैप्टर (बीसीआईसीएआई) द्वारा 'न्यू होराइजन बेकॉन्स' विषय पर आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

भारत ने एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता संभाल ली है। यह दुनिया के विकसित एवं विकासशील देशों का समूह है। गडकरी ने कहा, "भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना हमारा सपना है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यहां बड़ी संख्या में अवसर उपलब्ध हैं।" उन्होंने कहा, "आज बड़ी संख्या में निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं। युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरों की बड़ी मौजूदगी भारत की सबसे बड़ी ताकत है।" गडकरी ने कहा कि फिलहाल देश के वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये है। अगले पांच साल में यह 15 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। उन्होंने कहा, "हम दुनिया में वाहन विनिर्माण केंद्र के रूप में पहले स्थान पर होंगे।" उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही है और यह निवेश के लिए एक अच्छा गंतव्य है।

# सेंसेक्स 389 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।**



■ निफ्टी भी 112.75 अंक लुढ़कर 18496 अंक पर बंद हुआ

■ सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 6.72 फीसद नीचे आया

■ एफआईआई ने बृहस्पतिवार को 1131.67 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 390 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा, कच्चे तेल के दाम में तेजी और लगातार पूंजी निकासी से भी धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही। लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से यह 389.01 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 62,181.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,496.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 6.72 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी गिरावट रही।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, टाइटन, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, इंडसइंड बैंक और आईटीसी शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में हल्की तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत बढकर 76.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को 1,131.67 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.02 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 496.98 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.09 अरब डॉलर की बढ़त आई और यह बढ़कर 41.03 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 16.4 करोड़ डॉलर की तेजी आई।

## नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 76 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध पूंजी प्रवाह नवंबर महीने में मासिक आधार पर 76 प्रतिशत घटकर 2,258 करोड़ रुपये रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार में तेजी के साथ यह गिरावट आई है। तेजी के कारण निवेशक शेयरों के अत्यधिक मूल्यांकन की वजह से चिंतित रहे। वैसे यह लगातार 21वां महीना है जब इक्विटी योजनाओं में पूंजी प्रवाह हुआ है।

उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में नवंबर महीने में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह 13,263 करोड़ रुपये रहा। यह इससे पहले, अक्टूबर में 14,045 करोड़ रुपये के मुकाबले थोड़ा कम है।

इक्विटी के अलावा, बॉन्ड से संबंधित म्यूचुअल फंड योजनाओं में आलोच्य माह में शुद्ध रूप से 3,668 करोड़ रुपये का निवेश आया। माह के दौरान 2,818 करोड़ रुपये की निकासी की गयी।

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), अन्य ईटीएफ, इंडेक्स फंड और विदेशों में निवेश से जुड़े 'फंड ऑफ फंड' म्यूचुअल फंड की अन्य योजनाओं में नवंबर महीने में 10,394 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ। इसमें सबसे ज्यादा 8,602 करोड़ रुपये का योगदान इंडेक्स फंड का रहा। वहीं गोल्ड ईटीएफ से शुद्ध रूप से 195 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड में नवंबर महीने में 2,258 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह इससे पिछले महीने अक्टूबर के 9,390 करोड़ रुपये के प्रवाह के मुकाबले काफी कम है। विशेषज्ञों के अनुसार, गिरावट का कारण शेयर बाजारों में तेजी हो सकती है। इससे निवेशक शेयरों के उच्च मूल्यांकन के कारण चिंतित हैं।

## 'निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने की जरूरत'

**नई दिल्ली (भाषा)।**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि पिछले दशक की तरह उसी गति से निवेश जारी रखना सार्वजनिक क्षेत्र के लिये संभवतः अच्छा नहीं होगा।

केंद्र, राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का संयुक्त रूप से निवेश पिछले 10 साल में 3.5 गुना बढकर 21.2 लाख करोड़ रुपये हो गया जो इससे पहले 6.8 लाख करोड़ रुपये था। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति शिखर सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा, 'दशक के दौरान जब वित्तीय क्षेत्र से इतर कंपनियां और बैंक अपने बही-खातों को दुरुस्त कर रहे थे, सार्वजनिक उपक्रमों ने मोर्चा संभाला और इस सदी के दूसरे दशक के दौरान आर्थिक वृद्धि को बनाये रखा। यह मौजूदा दशक में भी जारी है।' वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि यह तय करने की आवश्यकता है कि क्या उसी गति से निवेश को बढ़ाना जारी रखा जाए या निजी क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में 'पूंजी निर्माण के प्राथमिक इंजन' के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कंपनियों का बही-खाता और लाभ काफी सुदृढ़ है। साथ ही बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बही-खातों को दुरुस्त किया गया है और वे कर्ज देने को तैयार हैं। नागेश्वरन ने कहा, 'इसीलिए सरकारी उपक्रमों के लिये संभवतः यह जरूरी या बेहतर नहीं होगा कि वे उसी गति से निवेश बनाये रखे, जैसा कि अबतक किया गया है।' उन्होंने कहा, "पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ेगा। लेकिन उसकी गति पिछले दशक जैसे नहीं होगी। इसका कारण हमें निजी क्षेत्र के लिये संसाधनों की की कमी नहीं करनी है और साथ यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संयुक्त निवेश व्यय से अर्थव्यवस्था के लिये पूंजी की लागत बहुत नहीं बढ़नी चाहिए।'

## भारत को 25 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा एडीबी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने शुक्रवार को कहा कि भारत के व्यापक सुधारों को समर्थन देने के लिए उसने 25 करोड़ डॉलर का नीति आधारित ऋण मंजूर किया है। इस सुधारों का लक्ष्य भारत की लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को आधुनिक बनाना, उसके प्रभाव को बढाना और लागत को कम करना है। एडीबी ने एक बयान में बताया कि इस कर्ज के जरिये 'बहु मॉडल एकीकृत लॉजिस्टिक्स परिवेश' कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लिए पहले उप-कार्यक्रम का वित्तपोषण किया जाएगा। बयान में कहा गया, "इससे भारत में लॉजिस्टिक्स की ऊंची लागत युक्तिसंगत हो पाएगी तथा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी आएगी।"

इसमें आगे कहा गया कि यह कार्यक्रम एकीकृत डिजिटल मंचों के जरिये बाहरी व्यापार लॉजिस्टिक्स तथा घरेलू स्तर पर कार्गो की आवाजाही का सरलीकरण कर, गोदामों को आधुनिक बनाकर, कारोबारी प्रक्रियाओं को बेहतर करके आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाएगा।

## देश-विशेष के लिए रणनीति तैयार करने को भारत के साथ मिलकर काम करेगा एनडीबी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी नव विकास बैंक (एनडीबी) ने शुक्रवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में निवेश को बढावा देने और देश विशेष के लिए रणनीतियां तैयार करने को वह भारत के साथ मिलकर काम करेगा।

एनडीबी के अध्यक्ष मारकोस प्रादो त्रोयो ने बताया कि स्वतंत्र आकलन कार्यालय ने सदस्य देशों के लिए 'प्रत्येक देश के लिए विशिष्ट रणनीति' तैयार करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की रणनीति से देश विशेष के लिए बैंक की प्राथमिकताएं तय करने को लेकर संबंधी महत्वपूर्ण रूपरेखा मिल सकेगी। एनडीबी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "इस प्रकार की राष्ट्र साझेदारी रणनीति तैयार करने के लिए हम भारत सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे और 2023 में बैंक के निदेशक मंडल के समक्ष इसे विचारार्थ रखेंगे।"एनडीबी ने 2016 से भारत में 21 परियोजनाओं के लिए करीब 7.2 अरब डॉलर मंजूर किए हैं। इससे




■ एनडीबी ने 2016 से भारत में 21 परियोजनाओं के लिए करीब 7.2 अरब डॉलर मंजूर किए

लाखों लोगों के लाभान्वित होने का अनुमान है। ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ने एनडीबी की स्थापना की थी और इसने औपचारिक रूप से जुलाई, 2015 में काम करना शुरू किया था। इसका मुख्यालय चीन के शंघाई में है। एनडीबी के स्वतंत्र आकलन कार्यालय में महानिदेशक अश्विनी मुत्थू ने कहा कि सड़क विकास को रेल परियोजनाओं और यहां तक कि जल परियोजनाओं से जोड़ने के अवसर भविष्य में मिल सकते हैं।

## नवम्बर में वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली (भाषा)।**



देश में वाहनों की खुदरा बिक्री में नवंबर माह में जोरदार उछाल आया है और यात्री वाहन, दोपहिया वाहन तथा वाणिज्यिक वाहनों के पंजीयन में भी विशेष तेजी रही है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नवंबर में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 23,80,465 इकाई रही। यह नवंबर, 2021 के 18,93,647 इकाई के आंकड़े से 26 प्रतिशत अधिक है।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बयान में कहा, "नवंबर 2022, भारतीय वाहन उद्योग के इतिहास में सर्वाधिक खुदरा बिक्री वाला महीना बन गया है। इससे पहले मार्च 2020 एक अपवाद था जब खुदरा बिक्री बीएस-4 का स्थान बीएस-6 द्वारा लिए जाने के कारण बढी थी।" उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम के खत्म होने और विवाह का मौसम शुरू होने से बिक्री में गति बनी हुई है। पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 21 प्रतिशत बढकर तीन लाख इकाई के पार पहुंच गई। इसका कारण मॉडलों की बेहतर उपलब्धता, नए वाहन बाजार में आना और ग्रामीण इलाकों से मांग आना है।

पिछले महीने यात्री वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 3,00,922 इकाई रही है जो नवंबर 2021 में 2,48,052 इकाई थी। इसी तरह दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले महीने 24 प्रतिशत के उछाल के साथ 18,47,708 इकाई पर पहुंच गया। यह आंकड़ा नवंबर, 2021 में 14,94,797 इकाई रहा था। नवंबर में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 33 प्रतिशत बढकर 79,369 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में यह 59,765 इकाई रही थी। नवंबर, 2022 में तिपहिया और ट्रैक्टर की बिक्री में क्रमशः 81 प्रतिशत और 57 प्रतिशत का उछाल आया।

## रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ 82.28 प्रति डॉलर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने के साथ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 10 पैसे बढकर 82.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इससे रुपये की बढत पर कुछ अंकुश लग गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.30 के स्तर पर खुला और कारोबार के अंत में यह 10 पैसे की तेजी के साथ 82.28 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 82.08 के उच्चस्तर और 82.33 के निचले स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.38 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि की गति के बारे में अतिरिक्त संकेतों के लिए निवेशकों को अगले सप्ताह केन्द्रीय बैंक की बैठकों के नतीजों के सामने आने का इंतजार है।

## दाम बढ़ने से वाणिज्यिक वाहनों में सीएनजी का इस्तेमाल घटा




**नई दिल्ली (भाषा)।**

प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी ने चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों में सीएनजी के इस्तेमाल को घटाकर 9-10 प्रतिशत कर दिया है जबकि पहले यह अनुपात 16 प्रतिशत था। इक्रा रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रेटिंग एजेंसी की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें बढ़ने से पिछले एक साल में सीएनजी के दाम 70 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। इसकी वजह से डीजल और सीएनजी के बीच कीमतों का अंतर काफी कम हो गया है जिससे लोग सीएनजी वाहनों की तरफ बढ़ने से परहेज करने लगे हैं।

इक्रा रेटिंग्स ने बयान में कहा कि सीएनजी वाहनों के इस्तेमाल से परिचालन लागत में होने वाली बचत इसके दाम बढ़ने से डीजल की तुलना में कुछ खास नहीं रह गई है। इसकी वजह से घरेलू वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र में सीएनजी के इस्तेमाल में चालू वित्त वर्ष में गिरावट देखने को मिली है, खासकर मझोले वाणिज्यिक ट्रक खंड में। रेटिंग एजेंसी ने कहा, "सीएनजी से चलने वाले वाहनों का कुल वाहनों में हिस्सा भी वित्त वर्ष 2021-22 के 38 प्रतिशत से घटकर 2022-23 के पहले आठ माह में 27 प्रतिशत रह गया है।"

# पांच बार चैंपियन ब्राजील बाहर

## विश्वकप 2022 का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर, क्रोएशिया ब्राजील को शूटआउट कर सेमीफाइनल में



**दोहा।** गत उपविजेता क्रोएशिया ने पांच बार की चैम्पियन ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं ब्राजील की 2014 के बाद से लगातार दूसरी बार ही क्वॉर्टर फाइनल में बाहर हो गई। ब्राजील और क्रोएशिया के बीच यह मैच काफी रोमांचक रहा, जो निर्धारित समय तक बगैर गोल के ही बराबरी पर रहा था। इसके बाद मैच में एक्स्ट्रा टाइम दिया गया। एक्स्ट्रा टाइम में नेमार ने धमाल किया।। नेमार ने 105+1वें मिनट में गोल दागकर ब्राजील को 1-0 से बढ़त दिलाई। यह गोल लुकास पिक्वेटा ने असिस्ट किया। ब्राजील की इस बढ़त पर क्रोएशियाई स्टार स्ट्राइकर ब्रूनो पेटकोविच ने पानी फेर दिया। ब्रूनो ने दूसरे एक्स्ट्रा टाइम में यानी 117वें मिनट में गोल दागकर एक बार फिर मैच 1-1 से बराबरी पर कर दिया। ब्रूनो के इस घातक गोल को मिस्लाव ओसेक ने असिस्ट किया।

इस तरह एक्स्ट्रा टाइम समाप्त होने के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में फैसला हुआ, जहां क्रोएशिया ने 4-2 से जीत दर्ज की। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं दाग सकी थीं। अनुभवी खिलाड़ियों से सजी क्रोएशियाई टीम ने दिग्गज खिलाड़ियों वाली ब्राजील को पहले हाफ में एक भी गोल नहीं करने दिया। हांलाकि वह भी कोई गोल नहीं कर सके। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच मुकाबला लगभग बराबर ही रहा था। ब्राजील के पास 51 प्रतिशत, तो क्रोएशिया के पास 49 प्रतिशत बॉल पजेशन रही। यदि गोल के लिए प्रयास करने की बात करें, तो इसमें ब्राजील काफी आगे रही। उसने पहले हाफ में पांच बार गोल के लिए कोशिश की, जिसमें से तीन शॉट तो ऑन टारगेट ही थे। पहले हाफ में दोनों टीमों के एक-एक खिलाड़ी को येलो कार्ड मिला। यह प्लेयर क्रोएशिया के मार्सेलो ब्रोजोविच और ब्राजील के डानिलो रहे।

### लगातार दूसरी बार क्वार्टरफाइनल हारा ब्राजील

ब्राजील की टीम 2002 में विश्व कप जीतने के बाद चौथी बार क्वार्टर फाइनल 2006, 2010, 2018 और 2022 में बाहर हुई है। जबकि यह लगातार दूसरा मौका है जब ब्राजील की टीम क्वार्टरफाइनल हारकर बाहर हुई है। वह 2014 में सेमीफाइनल खेली थी। वहीं क्रोएशिया ने अपने विश्व कप इतिहास में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची है।



**हार से मायूस दिखे नेमार:** प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जहां नेमार एंड टीम ने जीत के जश्न में विपक्षी खिलाड़ियों को चिढ़ाया था, वहीं क्वार्टर फाइनल की हार के गम में नेमार अपने आंसू नहीं रोक पाये।

### शूटआउट का रोमांच, गोलकीपर डोमिनिक रहे जीत के हीरो

क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने मैच में करीब 12 से 13 गोल बचाए थे। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील के अनुभवी डिफेंडर मार्किन्होस और रोड्रिगो के प्रहार को रोककर क्रोएशिया की जीत सुनिश्चित की।

**गोल पजेशन**

▸▸ **ब्राजील:** 51 फीसदी ▸▸ **क्रोएशिया:** 49 फीसदी

### नेमार ने की पेले की बराबरी

ब्राजील के नेमार ने क्रोएशिया के खिलाफ गोल कर इतिहास रच दिया। उन्होंने ब्राजील के सर्वाधिक गोल के मामले में महान फुटबॉल पेले की बराबरी कर ली। अब दोनों के अंतरराष्ट्रीय करियर में 77 गोल हैं।

### पेनल्टी शूटआउट की सरताज है क्रोएशियाई टीम

क्रोएशिया के लिए पेनल्टी शूटआउट उसका मजबूत पक्ष है। यहां ब्राजील को हराने से पहले क्रोएशिया ने जापान के खिलाफ मैच को भी प्री-क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में जीता था। क्रोएशिया की टीम पिछली बार 2018 में भी फाइनल से पहले नॉकआउट के तीन मैचों को पेनल्टी शूटआउट में ही अपने नाम किया था। फाइनल में फ्रांस ने यह नौबत नहीं आने दी थी और मैच को 4-2 से अपने नाम कर लिया था।

### शूटआउट में क्रोएशिया के खेवनहार

क्रोएशिया के लिए निकोला वलासिच, लोवारो माजेर, लुका मोड्रिच और मिस्वाल ओरिसिच ने गेंद को गोलपोस्ट में डाला।

### रोड्रिगो और मार्किन्सोस ने डुबोई ब्राजील की नैया

ब्राजील के लिए रोड्रिगो और मार्किन्होस शूटआउट में गोल से चूक गए। कासेमिरो और पेड्रो ने गेंद को गोलपोस्ट में डाला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज पर कसा शिकंजा

## पहली पारी 511 रन पर घोषित कर विंडीज को दिए शुरुआती झटके



**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में सात विकेट पर 511 रन बनाकर पारी घोषित करने के बाद विंडीज को शुरुआती झटके देकर मैच में अपना शिंकजा कस दिया है। विंडीज ने स्टंप तक चार विकेट पर 102 रन बनाए। दिन रात्रि टेस्ट में स्टंप्स के समय वतेजनारायण चंद्रपाल 47 और एंडरसन फिलिप एक रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। विंडीज अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 409 रन पीछे है और उस पर फालोऑन का खतरा मंडरा रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया यह टेस्ट मैच जीत जाता है, तो उस आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल में पहुंचने का रास्ता आसन हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया दो मैच की सीरीज में 1-0 से आगे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 330 रन के साथ दिन की शुरुआत की। लाबुशेन (163 रन) और ट्रेविस हेड (175 रन) ने दिन के शुरुआती 21.1 ओवर में 98 रन जोड़े। डेवोन थॉमस ने लाबुशेन को आउट कर चौथे विकेट के लिए हेड के साथ उनकी 297 रन की साझेदारी को तोड़ा। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट में चौथे विकेट के लिए यह तीसरी बड़ी साझेदारी है। कैमरून ग्रीन सिर्फ नौ रन बनाकर अलजारी जोशेफ (107 रन पर दो विकेट) की गेंद पर आउट हुए तो वही नासेर को ब्रेथवेट (35 रन पर एक विकेट) ने चलता किया। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चाय से पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी घोषित कर दी। लाबुशेन ने अपने टेस्ट करियर के 3000 रन 51वीं पारी में पूरे किए। उन्होंने डॉन ब्रेडमैन 33 पारियों के बाद सबसे तेजी से यह आंकड़ा छुआ है ।

▸▸ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी दो विकेट लेने के दौरान विंडीज के अल्जारी जोसेफ इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस दौरान उन्होंने नेपाल के संदीप लमिछाने को पीछे छोड़ा जिन्होंने इस साल 32 मैचों में 66 विकेट लिए है।

### रणजी ट्रॉफी के लिए यूपी टीम का ऐलान

**कानपुर।** रणजी ट्राफी टूर्नामेंट के लिये कप्तान करन शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गयी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) की विज्ञप्ति के अनुसार टीम के अन्य सदस्यों में माधव कौशिक,आंजनेय सूर्यवंशी, रिंकू सिंह,समीर चौधरी,प्रियम गर्ग,आकाशदीप नाथ,शिवम शर्मा,शिवा सिंह,प्रिंस यादव,अंकित राजपूत,शिवम मावी, आकिब खान,अराध्य यादव और कुनाल यादव शामिल हैं। अटल बिहारी राय,ध्रुव चंद जुरेल,कार्तिकेय जायसवाल,जसमेर धनखर और समर्थ सिंह को स्टैंडबाई खिलाड़ी के तौर पर टीम के लिये सुरक्षित रखा गया है।

# राहुल की कप्तानी में क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी भारतीय टीम

### बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम वनडे आज, कुलदीप यादव टीम में शामिल



**चटगांव।** कप्तान रोहित शर्मा के दौरे से बाहर होने के बाद भारतीय टीम केएल राहुल की कप्तानी में मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ शानिवार को अंतिम वनडे मैच जीतकर क्लीन स्वीप से बचाना चाहेगी। बांग्लादेश की टीम तीन मैच की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुका है और इसका इरादा भारत का सूपड़ा साफ करने का है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में क्षेत्ररक्षण के दौरान दूसरे ओवर में ही अंगूठे में चोट लगने के कारण वह बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एवं अंतिम मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने कहा कि आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने रोहित की जांच की और ढाका के एक स्थानीय अस्पताल में उनका स्कैन किया गया। विशेषज्ञ से परामर्श के लिए वह मुंबई लौट आए गए हैं। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और दीपक चाहर भी चोटिल होने के कारण बांग्लादेश सीरीज से बाहर हो गए हैं। कुलदीप ने पहले एकदिवसीय के बाद पीठ में जकड़न की शिकायत की थी। बीसीसीआई ने कहा, मेडिकल टीम ने उनकी जांच की और उन्हें दूसरे एकदिवसीय से आराम करने की सलाह दी गई। कुलदीप को भी चोट लगी है और वह भी सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा, चाहर ने दूसरे वनडे के दौरान बाएं ओर हैमस्ट्रिंग खिंचाव आ गया और उन्हें श्रृंखला से बाहर भी रखा गया है।

### राहुल त्रिपाठी और रजत पाटीदार को मिल सकता है मौका

कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पारी की शुरूआत करते हैं या ईशान किशन को अंतिम एकादश में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया जाता है । दूसरा विकल्प विराट कोहली और शिखर धवन से पारी की शुरूआत कराना और हरफनमौला राहुल त्रिपाठी को अंतिम एकादश में शामिल करना होगा। टीम प्रबंधन अगर सिर्फ बल्लेबाज को चुनता है तो रजत पाटीदार को पदार्पण का मौका मिल सकता है। भारत की गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल के हाथ में थी। पहले मैच में खराब गेंदबाजी के चलते भारत को पराजय का सामना करना पड़ा जब बांग्लादेश को 51 रन बनाने थे और उसका एक ही विकेट बाकी था जो भारतीय टीम नहीं ले सकी । दूसरे मैच में बांग्लादेश ने छह विकेट 69 रन पर गिरने के बाद 200 से अधिक रन बना डाले। आखिरी मैच में बांग्लादेश के हौसले बुलंद होंगे । जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में मिली जीत को छोड़कर केएल राहुल का बतौर कप्तान रिकॉर्ड खराब रहा है और ऐसे में वह क्लीन स्वीप की शर्मिंदगी से बचना चाहेंगे।

# इंग्लैंड पहली पारी में 281 रन पर ढेर

## पाक के अबरार अहमद ने डेब्यू मैच में सात विकेट झटके



**मुल्तान।** अबरार अहमद की पदार्पण टेस्ट में घातक फिरकी (114 पर सात विकेट) की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 281 रनों पर समेट दिया।

मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में दो विकेट खोकर 107 रन बना लिये थे। कप्तान बाबर आजम 61 रन और सउद शकील 32 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। कप्तान बाबर आजम ने 24 साल के युवा गेंदबाज की बेहतरीन फार्म को भांपते हुये उन्हे सबसे ज्यादा मौका दिया और यही कारण है कि इंग्लैंड की पूरी पारी को समेटने में पाक गेंदबाजों ने 51.4 ओवर खर्च किये जिनमें अकेले अबरार ने 22 ओवर गेंदबाजी की। इससे पहले इंग्लैंड का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ। जैक क्रॉली और बेन डकेट पहेल विकेट के लिए केवल 38 रन ही जोड़े। इसके बाद जल्द ही अबरार अहमद ने लगातार सात विकेट लेकर इंग्लैंड का स्कोर 231 रन पर सात विकेट कर दिया। अबरार ने डेब्यू पारी में इंग्लैंड के जैक क्रॉली (19 रन), बेन डकैट (63 रन), ओली पोप (60 रन), जो रूट (आठ रन), हैरी ब्रूक (नौ रन), बेन स्टोक्स(30 रन), विल जैक्स (31 रन) को अपना शिकार बनाया। एक समय पर लग रहा था कि शायद अहमद 10 के 10 विकेट अपने नाम करेंगे, हालांकि जाहिद ने अंतिम तीन विकेट लेकर इंग्लैंड को ढेर कर दिया।

▸▸ पदार्पण टेस्ट में एक पारी में सात विकेट चटकाने का कारनामा करने वाले अबरार पाकिस्तान के तीसरे खिलाड़ी बन चुके हैं। इससे पहले 1969 में कराची टेस्ट में मोहम्मर नजीर न्यूजीलैंड के खिलाफ 99 रन देकर सात विकेट चटकाये थे जबकि 1996 में रावलपिंडी में मोहम्मद जाहिद ने कीवी टीम के खिलाफ इतने ही विकेट 66 रन देकर हासिल किए थे।

### प्रणय ने जीत के साथ समाप्त किया अपना अभियान

**बैंकॉक।** भारत के एचएस प्रणय ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व टूर फाइनल्स 2022 म अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन को एक घंटे में 14-21, 21-17, 21-18 हराकर सकारात्मक तरीके से अपने अभियान का अंत किया। प्रणय की डेनमार्क के इस खिलाड़ी के खिलाफ यह दूसरी जीत है। दोनों के बीच हुए सात मुकाबलों में हालांकि एक्सेलसेन ने पांच मैच जीते है। प्रणय चार खिलाड़ियों वाले ग्रुप ए में क्रमश: जापान के कोडाई नारोका और चीन के लू गुआंग जू से अपने पिछले मैच हारने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे। एक्सेलसन ने अपने पहले दो मैच जीतकर पहले ही नॉकआउट दौर के लिए क्वॉलीफाई कर लिया था और अंतिम चार में जापान के कोडाई नारोका शामिल होंगे, जिन्होंने चीन के लू गुआंग जू को 21-19, 21-15 से हराकर अपना स्थान पक्का किया। शुक्रवार की जीत ने प्रणय की मदद की, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में भारत को थॉमस कप स्वर्ण जीतने में मदद की, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत-ए ने अनौपचारिक टेस्ट सीरीज जीती

**सिलहट।** सौरभ कुमार घातक गेंदबाजी से भारत ए ने दूसरे और आखिरी अनौपचारिक टेस्ट में बांग्लादेश ए को पारी और 123 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की। सौरभ ने दूसरी पारी में छह विकेट लेकर बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरज के लिए भारतीय टीम में रविंद्र जडेजा की जगह लेने का दावा भी पुख्ता कर लिया।

पहली पारी में 310 रन से पिछड़ने वाली बांग्लादेश ए टीम दूसरी पारी में 79.5 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बांग्लादेश के 252 रन के जवाब में भारत ए ने 562 रन बनाये थे जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन के 157 रन शामिल हैं। ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले सौरभ ने 30 ओवर में 74 रन देकर छह विकेट चटकाये। पूर्व कप्तान मोमिनुल हक छह रन पर आउट होने के बाद शादमान इस्लाम (नाबाद 93) और शहादत हुसैन (29) के साथ 54 रन की साझेदारी भी की । सौरभ ने इस साझेदारी को तोड़ा और यश धुल ने कैच लपका। नवदीप सैनी ने 16 ओवर में 54 रन देकर दो विकेट लिए ।

# मूनी के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने पहला टी-20 जीता

## भारतीय महिला टीम को नौ विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



**मुंबई।** मैन ऑफ द मैच बेथ मूनी (89) और ताहिला मैकग्राथ (40) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी- 20 मुकाबले में शुक्रवार को भारत के खिलाफ नौ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।

डा डीवाई पाटिल स्पोर्टस अकादमी मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाये जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने विजय लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती ओवरों में संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी और अलिसा हीली ने पहले विकेट के लिए 73 रन जाड़े। कप्तान हीली को देविका ने हरमनप्रीत के हाथों कैच कराया। इसके बाद बेथ मूनी ने तलिया मैक्ग्रा के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। मूनी ने 57 गेंदों पर नाबाद 89 रन व तालिया ने 29 गेंदों नाबाद 40 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से देविका वैद्य ने एक मात्र विकेट लिया। उन्होंने 3 ओवरों में 33 रन दिए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (21 रन), स्मृति मंधाना (28 रन), जेमिमाह रोड्रिग्स (शून्य रन ) और कप्तान हरमनप्रीत (21 रन) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहीं। भारतीय टीम 13 ओवर के बाद चार विकेट पर 87 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद ऋचा घोष 20 गेंद में 36 रन और दीप्ति शर्मा ने 15 गेंद पर 36 रन ने आक्रमक पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए एलीस पेरी ने सर्वाधिक दो विकेट लिए वहीं किम गार्थ ऐश्ली गार्डनर और सदरलैंड ने एक- एक विकेट झटके।

### महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने आमंत्रित की निविदा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्लूआईपीएल) के सत्र 2023 से 2027 तक के मीडिया अधिकारों के लिए निविदा आमंत्रित की। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महिला आईपीएल के 2023-2027 सत्र के मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। पात्रता आवश्यकताओं, बोलियों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, प्रस्तावित मीडिया अधिकार पैकेज, और अन्य बातों के अलावा दायित्वों सहित निविदा प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियम और शर्तें निविदा के लिये आमंत्रण (आईटीटी) में निहित हैं। आईटीटी पांच लाख रुपए के गैर-वापसी योग्य शुल्क और किसी भी लागू जीएसटी के भुगतान की प्राप्ति पर उपलब्ध कराया जाएगा। आईटीटी 31 दिसंबर तक खरीदारी के लिए उपलब्ध रहेगा। बोली जमा करने की इच्छा रखने वाली किसी भी इच्छुक पार्टी को आईटीटी खरीदना आवश्यक है।

### ऐश्वर्य, हर्षित व गोल्डी की तिकड़ी ने जीता स्वर्ण

**भोपाल।** केरल के तिरूवनंतपुरम के वट्टीयूरकाव शूटिंग रेन्ज में चल रही 65वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के शूटर्स ने मेन्स टीम इवेंट में सोने पर निशाना साधा है। अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, हर्षित बिंजवा और गोल्डी गुर्जर की तिकड़ी ने 50 मीटर रायफल सीनियर मेन्स टीम इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा 50 मीटर रायफल थ्री-पोजिशन सीनियर मेन्स सिविलियन टीम इवेंट में अकादमी के अमित कुमार, हर्षित बिंजवा और याकूब सिद्धीकी ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम इवेंट का तीसरा स्वर्ण 50 मीटर थ्री-पोजिशन जूनियर मेन्स में अकादमी के शूटर्स अविनाश यादव, अमित सिंगरोले और आदर्श ने जीता। इसी कड़ी में 50 मीटर थ्री-पोजिशन जूनियर मेन्स सिविलियन टीम इवेंट में अकादमी के समीर उल्ला खान, अमित सिंगरोले और आदर्श तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।चेम्पियनशिप में अकादमी के हर्षित बिंजवा ने मेन्स एकल सिविलियन इवेंट में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

### टीम इंडिया के आधे दर्जन खिलाड़ी अनफिट कैसे होगी 2023 विश्व कप की तैयारी

भारतीय टीम इस वक्त बांग्लादेश के दौरे पर है। भारत और बांग्लादेश के बीच आज तीसरा एकदिवसीय मुकाबला खेला जा रहा है। दो एकदिवसीय मुकाबलों में टीम इंडिया को हार मिली है। इसके बाद से टीम इंडिया लगातार आलोचनाओं का सामना कर रही है। दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा खुद चोटिल हो गए। इतना ही नहीं, टीम इंडिया के कई और खिलाड़ी भी चोटिल हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि 2023 के विश्वकप को लेकर टीम इंडिया की तैयारी कैसे हो पाएगी? हाल के दिनों में देखें तो बांग्लादेश में तो भारत का प्रदर्शन खराब रहा ही। इससे पहले न्यूजीलैंड मैच वनडे सीरीज में भारत को हार झेलनी पड़ी है। उसके बाद खिलाड़ियों का चोटिल होना फैंस के लिए चिंता की बात है। 2023 का विश्व कप भारत में ही होने वाला है। कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में कैच लेने के दौरान चोटिल हो गए। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा के लिए चोटिल होना और भी चिंता की बात है। रोहित शर्मा की कप्तानी का भी जादू नहीं देखने को मिला। टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया सिर्फ से फाइनल तक की पहुंच पाई थी। रोहित शर्मा को लेकर चिंता यह भी है कि आगामी श्रृंखलाओं के लिए भी फिट हो पाएंगे या नहीं हो पाएंगे। गेंदबाज दीपक चाहर भी लगातार चोट से जूझ रहे हैं। हाल में ही वह टीम इंडिया में शामिल हुए थे। लेकिन एक बार फिर से चोटिल होने के बाद वह बाहर गए हैं। पिछले 1 साल से देखें तो दीपक चाहर लगातार चोट से जूझ रहे हैं। हाल में ही टीम इंडिया में शामिल किए गए तेज गेंदबाज कुलदीप सेन भी चोटिल हो गए हैं। यही कारण है कि बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में ही उन्हें बैठना पड़ा कुलदीप सेन ने हाल में ही अपना डेब्यू किया था। भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह काफी समय से चोटिल है। टी20 विश्व कप से पहले उनके चोट की खबर आई थी। अब तक उनकी चोट को लेकर कोई अपडेट नहीं मिल पाई है। दूसरी और मोहम्मद शमी के भी चोटिल होने की खबर है। गुमराह के बाद मोहम्मद शमी सबसे अनुभवी गेंदबाजों में से एक है। ऐसे में उनका चोटिल होना टीम इंडिया की टेंशन बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा भारत के लिए ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले रविंद्र जडेजा भी पिछले 3 महीने से चोटिल हैं।

## यूएस कांग्रेस ने समलैंगिक विवाह विधेयक किया पारित

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिकी कांग्रेस ने समलैंगिक विवाह विधेयक को पारित कर इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर के लिए व्हाइट हाउस भेज दिया है। सीनेट में पारित होने के एक सप्ताह बाद प्रतिनिधि सभा ने गुरुवार को 258-169-1 मत से विवाह अधिनियम को पारित कर दिया है। विधेयक पर हुए मतदान के दौरान सीनेट डेमोक्रेटिक कॉकस के सभी सदस्यों और 12 रिपब्लिकन्स ने इसके पक्ष में मतदान किया। सुप्रीम कोर्ट के रूढ़िवादी न्यायधीश के संकेत के बाद इस वर्ष गर्मियों में विधेयक पेश किया गया था।

## पाक रेंजर्स और बीएसएफ जवानों के बीच फायरिंग

**श्रीगंगानगर, (एजेंसी)।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार शाम बीएसएफ और पाक रेंजर्स में गोलियां चल गईं। घटना शाम करीब पांच बजे बीएसएफ की बिंजौर पोस्ट के अधीन सीमावर्ती 27-ए गांव के समीप की है। भारतीय किसान चक 27-ए में तारबंदी के उस पार खेतों में काम कर रहे थे। तभी सीमा पार से पाक रेंजर्स ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवाब में बीएसएफ जवानों ने भी 18 राउंड फायरिंग की।

## नई पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने की योजना

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन, जापान और इटली ने 2035 तक नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम शुरू करने पर सहमति जताई है। ब्रिटिशन पीएमओ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन एक अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस गठबंधन के माध्यम से भविष्य के सुरक्षा खतरों को अपनाने और प्रतिक्रिया देने के लिए इटली और जापान के साथ काम करेगा। अगली पीढ़ी के लड़ाकू हवाई विमान देने जीसीएपी ब्रिटेन, जापान और इटली के बीच एक नई साझेदारी और महत्वाकांक्षी प्रयास है और देश 2024 में विकास चरण शुरू करने के लिए तैयार हैं। विमान को बिना चालक दल के उन्नत सेंसर, अत्याधुनिक हथियार व अभिनव डेटा सिस्टम जैसी क्षमताओं का नेटवर्क प्राप्त होगा।

## अनाथ बच्चों संग मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 76 वां जन्मदिवस अनाथालय के बच्चों के साथ बड़ी ही सादगी से मनाया गया। शुक्रवार को स्वराज भवन स्थित अनाथ आश्रम में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की सुपुत्री डा. विजयश्री तिवारी ने छात्राओं को फल समग्री के साथ खाने पीने समान वितरित कर सोनिया गांधी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा की भारत के प्रति सोनिया गांधी के समर्पण को देश की जनता याद रखेगी। इस दौरान- हसीब अहमद, शुभम शुक्ला, तान्या मिश्रा, मोहित यादव, सौरभ चौधरी, सुष्मिता यादव, तलत अजीम, गौरव पाण्डेय, मो.हसीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## आज का इतिहास

- 1582: फ्रांस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करना शुरु किया।
- 1887: आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन ने बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1902: तस्मानिया में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।
- 1903: पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1947: सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1960: हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री रति अग्निहोत्री का जन्म।
- 1961: सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध समाप्त।
- 1963: अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।

## भूमि के कटाव से बचाने कवायद



### खिसकती रेत और तनाव से जूझती जिंदगियाँ

बाढ़, भूस्खलन, पर्यावरणीय दुर्दशा, प्रदूषण- यह सब ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे से गायब होती जमीन, विस्थापित जीवन और बरबाद हो रही आजीविका की कहानी के साथ जुड़ा है। ब्रह्मपुत्र हमेशा से बड़ी मात्रा में अपने साथ तलछट लेकर आने वाली नदी रही है - चीन में यांग्त्ज़ी किआंग के बाद धरती पर किसी भी अन्य नदी की तुलना में सबसे ज्यादा गाद और रेत बहाकर लाने वाली नदी। ब्रह्मपुत्र के जलोढ़ पंखे बंगाल की खाड़ी में पहुंच जाते हैं और बांग्लादेश के प्राकृतिक भूमि क्षेत्र का निर्माण करते हैं। यह उपग्रह इमेजरी से दिखने वाला दृश्य है।

असम के मोरीगांव जिले में शुक्रवार को कटाव से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे मजदूरों ने बालू की बोरियां लगाई।

## हैदराबाद एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो की रखी आधारशिला



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को हाईटेक सिटी इलाके के रायदुर्गम मेट्रो स्टेशन पर माइंडस्पेस जंक्शन से शमशाबाद हवाई अड्डे तक हैदराबाद एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखी। श्री राव ने इस दौरान भूमि पूजन किया और बाद में एक पट्टिका का अनावरण किया।

इस एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो में सात स्टेशन होंगे और यह परियोजना 6,250 करोड़ की लागत आएगी और यह परियोजना तीन साल में पूरी होगी। एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो की 31 किमी की परियोजना में से 27.5 किमी स्काईवे में, एक किमी सड़क पर और 2.5 किलोमीटर भूमिगत होगा। एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो कॉरिडोर माइंडस्पेस जंक्शन के रायदुर्ग मेट्रो टर्मिनल स्टेशन से शमशाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक बनाया जाएगा।

### बीआरएस का झंडा फहराया, की पार्टी की आधिकारिक घोषणा

तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का झंडा फहराकर पार्टी को देश भर में ले जाकर गुणात्मक बदलाव और आर्थिक प्रगति के लिए काम करने की शुरूआत की।

## गोपनीयता, क्षमता और अनुशासित आचरण लोकसेवकों के आभूषण

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मंसूरी में एलबीएस अकादमी में संबोधित किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि'गोपनीयता','क्षमता' और 'अनुशासित आचरण' भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के आभूषण हैं और इनसे ही उन्हें आत्मबल मिलेगा।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 97 वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के विदाई समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल के शब्द याद आ रहे हैं। अप्रैल 1947 में सरदार पटेल भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिल रहे थे। उस समय उन्होंने कहा था कि प्रत्येक जनसेवक, चाहे वह किसी भी दायित्व का निर्वहन कर रहा हो, हमें उससे सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करनी चाहिये और यह उम्मीद रखना हमारा अधिकार है। हम गर्व से कह सकते हैं कि जनसेवक इन उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आधारभूत पाठ्यक्रम का मूलमंत्र 'वी, नॉट आई' (हम, न कि मैं) है।

उन्होंने भरोसा जताया कि पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों को सामूहिक भावना के साथ देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिये। उन्होंने कहा कि उनमें से कई अगले 10-15 वर्षों के लिये देश के एक बड़े भू-भाग में प्रशासनिक कामकाज करेंगे तथा जनमानस से उनका सीधा संपर्क रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्य के बल पर वह अपने सपने के भारत को एक ठोस आकार दे सकते हैं। अकादमी के ध्येय-वाक्य 'शीलं परम् भूषणम्' का उल्लेख करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि अकादमी में प्रशिक्षण पद्धति कर्मयोग के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें शील को अत्यंत महत्त्व दिया जाता है।

### रास में प्रश्नकाल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल बोले

## सरकार को चीन से 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला

### 2003-04 में चीन से व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर था जो 2013-14 में बढकर 48 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार को चीन के साथ 48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा विरासत में मिला था और अब सरकार देश में घरेलू उत्पादन बढ़ाने तथा चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठा रही है।


श्री गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि वर्ष 2003-04 में चीन के साथ व्यापार घाटा पांच अरब डॉलर था जो 2013-14 में बढकर 48 अरब डॉलर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढाकर चीनी समान पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मेक इन इंडिया योजना शुरू कर स्वदेशीकरण को बढावा दिया है। इसके अलावा निजी उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा प्रमुख लोगों के साथ विचार विमर्श के बाद उत्पादन आधारित प्रोत्साहन की योजना शुरू की गयी है।

### चीनी उत्पादों पर कम हो निर्भरता

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि अभी केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर देश में उत्पादन को बढाकर स्वदेशीकरण पर जोर दे रही हैं जिससे कि चीन के उत्पादों पर निर्भरता कम हो और व्यापार घाटा भी कम हो सके। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का ही परिणाम है कि देश में पहले मोबाइल फोन बनाने वाली केवल दो कंपनी थी लेकिन अब इनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गयी है कि भारत मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है। इसके अलावा व्यापार सुगमता बढाने तथा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना की मदद से भी देश में उत्पादन बढाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इस बीच मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास ने सवाल पूछा कि सरकार इतने प्रयास कर रही है लेकिन इसके बावजूद चीन के साथ व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है और यह जल्द ही 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस पर श्री गोयल ने कहा कि सरकार के कदमों से देश में उत्पादन बढा है और निवेश भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रही है और उसे विरासत में जो व्यापार घाटा मिला था उसके कारण स्थिति को संभालने में अधिक प्रयास करना पड़ रहा है।

## केरल व कर्नाटक में तीन जगहों पर एनआईए छापे





**चेन्नई, (एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े आतंक फडिंग मामले में केरल के कोझिकोड जिले और कर्नाटक के कलबुरगी जिले में तीन स्थानों पर छापे मारे है।एनआईए सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि यह मामला पीएफआई के कार्यकर्ताओं, सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है ताकि विदेश तथा देश के विभिन्न भागों सहित केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक उत्तर प्रदेश और दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पैसा जुटाया जा सके।

यह भी पता चला कि आरोपी देश भर में विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे थे।

सूत्रों ने कहा कि यह मामला एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस साल 13 अप्रैल को दर्ज किया और विस्तृत जांच के आधार पर कल छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री सहित डिजीटल उपकरण और विभिन्न दस्तावेज जब्त किए गए।

## हाइपरसोनिक वाहन टेस्ट में पास, सभी जरूरी पैरामीटर हुए हासिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और एकीकृत रक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को हाइपरसोनिक वाहन परीक्षण किया। परीक्षणों ने सभी जरूरी पैरामीटर हासिल किए और उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया। इस परीक्षण के बाद देश के रक्षा क्षेत्र की ताकत बढ़ेगी। खासतौर पर पाक और चीन के खिलाफ एक मजबूत हथियार साबित होगा। हाइपरसोनिक वाहन साउंड की स्पीड से पांच गुना तेज रफ्तार से उड़ान भरती है।



**दुश्मनों पर करेगा वार:** हाइपरसोनिक वाहन अंतरिक्ष में तेजी से पहुंच, लंबी दूरी पर सैन्य प्रतिक्रिया और वाणिज्यिक हवाई यात्रा में सक्षम है। हाइपरसोनिक वाहन एक हवाई जहाज, अंतरिक्ष यान या मिसाइल हो सकता है। हाइपरसोनिक लेटेस्ट अत्याधुनिक तकनीक है। भारत, चीन, अमेरिका सहित कई देश हाइपरसोनिक हथियारों को बढ़ाने में लगे हुए हैं।

**भारत हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा:** बता दें भारत कई सालों से हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा है। अमेरिकी कांग्रेस में पेश रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस मिलकर हाइपरसोनिक मिसाइल बना रहे हैं। इस साल रूस ने यूक्रेन युद्ध में हाइपरसोनिक मिसाइल किंजल का इस्तेमाल किया था।

### नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज में अशीरा आमंत्रित

**जयपुर, (एजेंसी)।** नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज प्रतियोगिता में जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन किया गया है। सुश्री विश्वास एडीजी (एसडीआरएफ) सुष्मित विश्वास की पुत्री है। सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार का शनिवार को नार्वे की राजधानी ओस्लो में ऐलान किया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में विजेता घोषित होने पर सुश्री विश्वास को भी इस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। नोबेल पीस सेंटर में द इग्निटर इनिशिएटिव के प्रोजेक्ट मैनेजर ने सुश्री अशीरा को नोबेल शांति पुरस्कार चुनौती के निबंध श्रेणी में फाइनलिस्ट के रूप में घोषित होने पर बधाई दी और उन्हें शनिवार को ओस्लो में आयोजित नोबेल शांति पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## ओलंपियन के बदले छोड़ा मौत का सौदागर



### अमेरिका-रूस ने की कैदियों की अदला-बदली

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध की गरमा-गरमी के बीच रूस और अमेरिका ने दो हाई प्रोफाइल कैदियों की अदला-बदली की है।

अमेरिका की स्टार बास्केट बॉल प्लेयर ब्रिटनी ग्रिनर को रूस ने छोड़ा है और अमेरिका ने 'मौत का सौदागर' के नाम से कुख्यात हथियारों के अवैध रूसी विक्रेता विक्टर बाउट को रिहा किया है। 32 साल की ग्रिनर और 55 साल के विक्टर बाउट की रिहाई अमेरिका और रूस के संबंधों का अहम मोड़ है।

अमेरिकी नागरिक ग्रिनर को इसी साल फरवरी में रूस में ड्रग्स चार्जेज के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जबकि विक्टर बाउट अमेरिका में 25 साल की कैद की सजा काट रहा था। समाचार एजेंसियों के अनुसार कैदियों की ये अदला-बदली कतर में अबू-धाबी एयरपोर्ट पर हुई।

रूसी मीडिया की ओर से जारी वीडियो में एयरपोर्ट पर ग्रिनर और बाउट एयरपोर्ट पर एक दूसरे के बगल से निकलते हुए दिख रहे हैं. ग्रिनर की पहचान बन चुके उनके धुंधराले बाल कटे हुए थे. जबकि बाउट तेजी में दिख रहा था. एयरपोर्ट में ही दोनों एक दूसरे प्लेन की ओर बढ़ गए जहां से वे अपने अपने देशों की ओर रवाना हो गए। ग्रिनर को टेक्सास के सैन एंटोनियो एयरपोर्ट पर उतरते हुए देखा गया। राष्टपति जो बाइडेन ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने ग्रिनर से बात की थी।

# अतुल राय के जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ पीड़िता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मिलीं सशर्त जमानत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बसपा सांसद अतुल राय के नैनी जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया है। दुष्कर्म पीड़िता को आत्महत्या को उकसाने के मामले में आरोपी घोसी सांसद को विशेष न्यायाधीश एमपी /एमएलए कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर ली है अब सिर्फ गैंगस्टर मामला उच्च न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जनवरी की तिथि नियत की है`

दुष्कर्म पीड़िता को आत्महत्या को उकसाने के मामले में लंका थाने में दर्ज मामले में आरोपी घोसी सांसद अतुल रॉय को विशेष न्यायाधीश एमपी/ एमएलए सियाराम चौरसिया की कोर्ट ने एक-एक लाख के दो जमानत दार देने पर शशर्त जमानत दे दी आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर मामला उच्च न्यायालय में लंबित है` सांसद के अधिवक्ता अनुज यादव, दिलीप श्रीवास्तव, विकास यादव व विकास सिंह ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता को खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एमपी/ एमएलए कोर्ट ने शशर्त जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि आरोपी साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ नही करेगा गवाहों को प्रभावित नही करेगा, विचारण के दौरान हर तारीख पर खुद या अधिवक्ता के जरिये कोर्ट में हाजिर रहेगा और आरोपी का अंतिम बयान दर्ज होते समय बिना विलम्ब के कोर्ट में हाजिर रहेगा। अदालत ने कहा आरोपी बिना किसी उचित कारण के अदालत में उपस्थित नहीं रहेगा तब जमानत का दुरुपयोग माना जायेगा और जमानत के दौरान किसी अवैधानिक क्रिया कलाप में शामिल नहीं रहेगा।





इसी तरह का मुकदमा लखनऊ के हजरतगंज थाने में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के संग साजिशकर्ता के रूप में सांसद के खिलाफ दर्ज कराया गया। जिसकी सुनवाई 11 जनवरी को होनी है। इस मुकदमे की सुनवाई के बाद बीएसपी सांसद अतुल राय के बाहर निकलने का रास्ता साफ हो जाएगा ` रेप पीड़िता के आत्महत्या मामले में आरोपी सांसद की तरफ से दी गई जमानत अर्जी में कहा गया कि वह नामजद नही है, रेप पीड़िता ने 16 अगस्त 2021 को लाइव फेसबुक पर तमाम अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का प्रयास किया था और दिल्ली के तिलकनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

इस बीच यूपी सरकार ने अधिकारिता क्षेत्र से बाहर जाकर एसआईटी का गठन किया और लखनऊ के हजरतगंज थाने में पूर्व आईपीएस अभिताभ ठाकुर और सांसद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया इस बीच 26 सितंबर 2019 को पुलिस आयुक्त के गोपनीय पत्र और अपर पुलिस आयुक्त की जांच आख्या के आधार पर 30सितंबर 2021 को तत्कालीन सीओ अमरेश सिंह बघेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया आरोप लगाया गया कि आरोपी सांसद को रेप से बचाने के लिए लोक सेवक द्वारा पदीय कर्तब्यों के निर्वहन में अपूर्ण निराधार अभिलेख की रचना की गई और लाभ पहुचाने के लिए विधिक तथ्यात्मक पूर्ण आख्या से छुब्ध होकर रेप पीड़िता ने आत्महत्या की` इस बीच आरोपी सांसद को जब 6 अगस्त 2022 को रेप मामले में दोषमुक्त कर दिया गया तब प्राथिमिकी दर्ज होने के एक वर्ष बाद आरोपी सांसद को इस मामले में रिमांड बनाने के लिये तलब किया गया, बता दे इसी मामले में रिमांड बनाये जाने के लिए पेशी पर नैनी जेल से कोर्ट परिसर में आये थे तब सांसद बेहोश होकर गिर पड़े थे और काफी हो हल्ला मचा था। आरोपी पक्ष की दलील थी कि सांसद के खिलाफ 20 मामले दर्ज थे जिसमें से 10 में बरी हो चुके है 7 में जमानत पर है और दो में फाइनल रिपोर्ट लग गई है यह भी कहा गया तत्कालीन सीओ अमरेश सिंह से मुलाकात, इलेक्ट्रॉनिक संवाद या अन्य कोई दस्तावेज नही है जिससे साबित हो कि सांसद आपराधिक साजिश में शामिल रहे तत्कालीन सीओ मुख्य आरोपी को इस मामले मे जमानत मिल गई है ऐसे में आरोपी सांसद को जमानत पर रिहा किया जाय।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को और आगे बढाया जाय : सौगात राय

प्रखर कोलकाता। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विशम्बर बासु जी द्वारा लोकसभा सदस्य सौगात राय जी से मिलकर देश में 80करोड गरीब जनता को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को जून 2023तक बढ़ाने कीबात कही। इस पर लोकसभा सदस्य सौगात राय ने केन्द्रीय खाद्य रसद मंत्री पियूष गोयल जी पत्र लिखकर यह बताया कि देश में चल रहें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को जून 2023 तक बढाया जाय। तथा 18 नवम्बर 2022 को केन्द्रीय खाद्य सचिव द्वारा हर प्रदेश के खाद्य सचिवों के साथ बैठक की उसमें एकल स्वामित्व वाली दुकानों को खत्म करके समिति तथा स्वयं सहायता समूह को देने पर विचार विमर्श किया गया। इसको लेकर लोकसभा सदस्य सौगात राय जी ने खाद्य मंत्री पियूष गोयल जी से यह कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। इससे देश में 278533 राशन डीलर बेरोजगार हो जाएंगे। जो कि बहुत ही चिन्ता जनक है। राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर बासु जी ने कहा कि अगर सरकार द्वारा ऐसा किया गया तो पूरे देश 5 लाख 33 हजार राशन डीलर आन्दोलन करेंगे तथा उच्च न्यायालय में जायेंगे।



## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर व्यापार प्रकोष्ठ ने मनाया जश्न

प्रखर वाराणसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रिय पार्टी बनने और दिल्ली के एमसीडी चुनाव में पूर्ण बहुमत की सीट आने पर वाराणसी में आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ ने मनाया जीत का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी केव्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रयागराज प्रभारी भरत यादव व सुभाष चौरसिया व्यापार प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष के नृतत्त्व में आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता कृष्णा चौरसिया (मुन्ना) किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मनीष कशोधन व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ने की। पार्टी के पदाधिकारियों ने पांडेयपुर में स्थित मुंशीप्रेमचंद् और उसके पश्चात कचहरी स्थित भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव भरत यादव ने बताया की पूरे दमखम के साथ आम आदमी पार्टी 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी।उन्होंने कहा की देश का अगला प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल जी होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान देवकांत वर्मा राष्ट्रिय परिषद सदस्य, अखिलेश पांडेय महानगर अध्यक्ष, राजकुमार जयसवाल पूर्व सचिव, रोहित शाह पूर्व माहानगर अध्यक्ष, अब्दुल रकीब एडवोकेट, मुकेश सिंह चुनाव प्रभारी नगर निगम, बिंदु मैडम महिला प्रकोष्ठ, अभिषेक सिंह,मोहम्मद कैफ पार्षद प्रत्याशी, मोहम्मद आमिर, संतोष शर्मा पार्षद प्रत्याशी, लोरिक यादव पार्षद प्रत्याशी, प्रकाश जयसवाल पार्षद प्रत्याशी, शमशेर अहमद, सैफ अली अंसारी आदि लोग मौजूद रहें।




## केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया पहुंचे वाराणसी भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शिवानंद राय ने पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम व यथार्थ गीता देकर किया जोरदार स्वागत



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में केंद्रीय मंत्रियों का जमावड़ा केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडवीया शनिवार को पंडित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जिनका स्वागत जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा व भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शिवानंद राय ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्रम व यथार्थ गीता देकर स्वागत किया दो दिवसीय चलने वाले यूनिवर्सल कवरेज डे के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य मंत्रियों का दो दिवसीय कॉन्क्लेव वाराणसी के सिगरा स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है साथ ही केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर T 20 का जायजा लेंगे उसके बाद काशी तमिल संगम में शिरकत करेंगे।

## वेल्डिंग की टंकी फटने से राहगीर सहित दो घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के टेढ़वा गाँव के पास शनिवार की सुबह गैस वेल्डिंग की टंकी फटने से दो लोग बुरी तरह घायल हो गयें। घायलों में एक का ईलाज गाजीपुर के ट्रामा सेंटर में चल रहा है जबकि दूसरे की हालत गम्भीर होने की वजह से वाराणसी रेफर किया गया है । बताया जा रहा है कि दुकान संचालक मेंहदी काफी दिनों से टेढ़वा रेलवे क्रासिंग के पास लोहे के फर्नीचर बनाने के साथ ही कर्मचारी रखकर पुराना कार्य भी करता है। कर्मचारी नोनहरा थाना क्षेत्र का कौशल रोज की तरह सुबह दुकान खोलकर जैसे ही काम शुरू करना चाहा तभी गैस टंकी ब्लास्ट हो गई, टंकी लोहे की होने के कारण उसके कड़ छटकने से एक राहगीर घायल हो गया वही कर्मचारी कौशल भी बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पांच रास्ता स्थित जानी भाई का पुत्र जावेद किसी काम से जा रहा था।

## सरकार के आदेश पर भी सड़कें नहीं हुई गड्ढामुक्त

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। जनपद के कई सड़कें ऐसी हैं जो गड्ढा मुक्त नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिलों के मार्गों को बीते 30 नवंबर तक गड्ढा मुक्त करने का आदेश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर दिया ,लेकिन दिए गए आदेश का कितना पालन हुआ इसकी जानकारी ली गई या नहीं यह कह पाना बहुत मुश्किल है। बताया जाता है कि कई ऐसे मार्ग हैं जो लिंक मार्ग हैं और गांव को जोड़ते हैं। लेकिन उन लिंक मार्ग का ध्यान किसी ने नहीं दिया। उदाहरण के लिए मुहम्दाबाद विकासखंड अंतर्गत गाजीपुर चितबड़ागांव की तरफ मुख्य मार्ग जाता है। उसी मार्ग से एक लिंक मार्ग माता महाकाली मंदिर होते हुए यूसुफपुर स्टेशन के मार्ग को जोड़ता है और रेलवे स्टेशन तक जाता है। रेलवे स्टेशन के पास मंडी है। प्रत्येक दिन सैकड़ों की तायदाद में व्यापारी आवागमन करते हैं। यात्री भी स्टेशन पहुंचने के लिए इसी मार्ग को पकड़ते हैं। उस मार्ग पर सड़क का निर्माण नहीं हुआ ।कहीं- कहीं केवल गिट्टी गिरा कर छोड़ दिया गया जो रोज इधर-उधर बिखर रहे हैं और गड्ढा ज्यों का त्यों फिर दिख रहा है। दूसरी तरफ सलेमपुर तिराहा से एक लिंक सड़क बालापुर, मूर्की, नौलखा मंदिर होते हुए जोगा मुसाहिब को जाता है। उसकी स्थिति काफी खराब है। मार्ग की स्थिति की वजह से यात्री कठिनाइयों का दंश झेलते हुए मार्ग पर आवागमन करते हैं। इधर कोहरा भी पड़ रहा है। कोहरे में गड्ढों का दिखना कठिन है । पैदल यात्रियों के लिए यह कठीनाई का कारण बन गया है। उत्तर प्रदेश सरकार का गड्ढा मुक्त का दावा यक्ष प्रश्न बनकर अभी भी खड़ा है। कुल मिलाकर 4 किलोमीटर सड़क पर गिट्टी गिराकर छोड़ दिया गया है और गड्ढा ज्यों का त्यों रह गया।



# गंदे जलजमाव से नागरिक परेशान

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर ( गाजीपुर)। जनपद के मुहम्मदाबाद नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 17, अट्ठारह ,7 तथा नोनिया पूरा के हजारों नागरिकों को बुखार, दुर्गंध, संक्रमण जैसे कठिनाइयों का दंश झेलना पड़ रहा है ।रात्रि के अतिरिक्त दिन में भी इस क्षेत्र में मच्छरों से नागरिक परेशान है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र के नागरिक, आर्थिक व शारीरिक दोनों ही कठिनाइयों का दंश झेल रहे हैं। और यह पिछले कई वर्षों से चल रहा है। नागरिकों ने कई बार संबंधित अधिकारियों तथा नगरपालिका के अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया। किंतु कोई निवारण नहीं हुआ। बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 शाह निंदा से मात्र 10 कदम आगे भरौली की तरफ खेतों की आराजी शुरू होती है। शाहनिंदा और हनुमान मंदिर के बीच मात्र 10 कदम के बिच भरौली की तरफ जाते समय सैकड़ों एकड़ भूमि गंदे पानी के गिरने के कारण नदी का रूप ले रखी है। जिसमें किसानों कि सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि गंदे पानी से भरी रह रही है। इससे किसान खेती से वंचित है और गंदे पानी के जलजमाव के कारण संक्रमण और दुर्गंध से किनारे बसने वाले नागरिक रोगों का शिकार होते जा रहे हैं। इस समय डेंगू का प्रकोप चरम पर है। अतः यह समझना आसान है कि इसके अंतर्गत वार्ड नंबर 17, 18, 7 व नोनिया पूरा के नागरिक परेशान हैं। वार्डो में मच्छरों का प्रकोप काफी है।

इस संबंध में पत्र प्रतिनिधि ने नगरपालिका के अधिशासी अभियंता से जानकारी लेनी चाही तो अधिशासी अभियंता विरेंद्र राव ने फागिंग कराने की बात कही लेकिन अभी तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया। नागरिक परेशानियों का दंश झेल रहे हैं तथा गंदे पानी के जलजमाव के कारण सैकड़ों एकड़ किसानों की उपजाऊ भूमि बगैर खेती के पड़ी हुई है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट भी उत्पन्न हो गया है।



## रामविलास सिंह शिक्षण संस्थान में 15 दिसंबर से तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे मनाया जाएगा

प्रखर पूर्वांचल चकिया चन्दौली। स्थानीय क्षेत्र के विजयपुरवा गांव स्थित स्वर्गीय रामविलास सिंह शिक्षण संस्थान में 15 दिसंबर से तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे मनाया जाएगा। इसमें एसआरबीएस ग्रुप के विजयपुर में पचफेड़वा सहित अहरौरा के लगभग 500 छात्र प्रतिभाग करेंगे। शुक्रवार को सपोर्ट डे को लेकर सिकंदरपुर एसआरबीएस के छात्रों ने स्कूल के खेल मैदान में जमकर रिहर्सल किया। आपको बताते चलें कि आने वाले स्पोर्ट्स डे के आयोजन को काफी ऐतिहासिक बनाने के लिए संस्थान के छात्र एवं छात्राएं जुट गए हैं। जिसमें तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ प्रभागीय वनाधिकारी दिनेश सिंह के साथ-साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व कालेज के डायरेक्टर छत्रबली सिंह द्वारा किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे स्पोर्ट डे का आगाज मशाल जुलूस के साथ होगा। आपको बता दें कि स्पोर्ट डे पर छात्र-छात्राओं द्वारा खो खो, कबड्डी, वालीबाल रेस, जंप, वाद विवाद, कविता, नृत्य, पेंटिंग, रस्साकशी, के साथ-साथ 42 प्रतियोगिताएं की जाएंगे। और प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों के अल्पाहार भोजन आदि की सुविधाएं महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन 17 दिसंबर को भव्य समारोह पूर्वक प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### केराकत के थाना प्रभारी के ड्राइवर का हार्ट अटैक से निधन



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय कोतवाली थाना प्रभारी के कांस्टेबल ड्राइवर शिवनाथ पुष्पक का बीती रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 54 साल के थे तथा बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के ईसारी सलेमपुर गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार शिवनाथ पुष्पक बीती रात में अपने कमरे में सो रहे थे। रात करीब एक बजे सीने में दर्द होने पर उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। रात में ही उनके परिजनों को सूचना दी गई थी। शुक्रवार को उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद उनके शव को परिजनों को सौंप दिया गया। चार बेटियां गुड़िया, कंचन, ज्योति और रीतू है। बेटा सबसे बड़ा और बेटियां छोटी हैं। सबसे छोटी बेटी को छोड़कर सभी का विवाह हो चुका है।

### निकाय चुनाव को लेकर पोलिंग बूथ का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण



प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। नगर पालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नायब तहसीलदार चुनार ज्योति सिंह ने नगर के बुढ़ादेई, पट्टी कला, सत्यानगंज, मिश्र पोखरा पर स्थित बूथों व मतदान केंद्रों का गहनता के साथ निरीक्षण की। उन्होंने संबंधित को बूथों व मतगणना केन्द्रों में खामियों को दुरुस्त करने को लेकर दिशा निर्देश दिया। ज्योति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। नगर के बूथों व मतदान स्थलों का निरीक्षण किया।इस दौरान कानूनगो प्रेम शंकर ओझा, लेखपाल अरविंद पांडे,अमित सिंह यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु दिलाई गई शपथ



प्रखर पीडीडीयू नगर चंदौली। प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पुलिस लाइन सहित जनपद के प्रत्येक थानों एवं अन्य विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल सहित आम नागरिकों को सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखनें, यातायात नियमों का सदैव स्वयं और अपने परिजनों से पालन कराने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहनने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करनें, हमेशा एम्बुलेन्स और फायर बिग्रेड एवं अन्य आवश्यक/आकस्मिक सेवाओं से सम्बन्धित गाडियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने, सड़क दुर्घटना में पीडितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का शपथ दिलाई गई।

### हृदय रोगी की गुहार पर 4 मिनट में बंद हुआ डी.जे. का शोर

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के चौबेपुर थाना अंतर्गत, गाँव- उकथी में गुरुवार की रात, एक शादी में बज रहे डी.जे. से एक हृदय रोगी की बेचैनी और घबराहट इस कदर बढ़ गयी कि परिवार के लोगों की साँसें फूलने लगीं कि अब क्या किया जाये। इतने में ही घर के एक बच्चे ने मीडिया से मिली जानकारी का फायदा उठाते हुए, 'सत्या फाउंडेशन' के हेल्पलाइन नंबर 9212735622 पर इस आपात स्थिति की सूचना दी। इसके बाद 'सत्या फाउंडेशन' के संस्थापक सचिव चेतन उपाध्याय ने इसकी सूचना जाल्हूपुर पुलिस चौकी थाना- चौबेपुर के नंबर 7839856885 पर दी सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक श्री दिनेश कुमार मौर्या ने त्वरित रूप से डी.जे. बंद कराने का आश्वासन दिया। संयोग से Police S.I. Mr. Dinesh Kumar Maurya को जब यह सूचना मिली तो वे अपने चौबेपुर थाने पर एक मीटिंग में जाने के लिए इसी गाँव से होकर जाने वाले थे और इसके बाद उनके वाहन के सायरन की आवाज से पुलिस के आने की आहट पाते ही, बारात के डी.जे. का शोर पूरी तरह से थम गया और यह देखते ही उक्त हृदय रोगी और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। शिकायत करने के सिर्फ 4 मिनट के अंदर जानलेवा शोर शराबे के बंद होने पर परिजनों ने वाराणसी पुलिस और सरकार को धन्यवाद दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं